तापमान

अधिकतम 30.6 डिग्री

न्यूनतम 26.2 डिग्री

हरिभूमि

बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 9 जुलाई 2026

पेण्ड्रा क्षेत्र में हुई बारिश के कारण अरपा में आया पानी।

खबर संक्षेप

पाण्डेय होंगे हसदेव कछार के प्रभारी मुख्य अभियंता

बिलासपुर। शासन द्वारा जल संसाधन विभाग में पदस्थ अधिकारियों की नई पदस्थापना की गई है। शिवनाथ मंडल दुर्ग में अधीक्षण यंत्री के रूप में पदस्थ सुरेश कुमार पाण्डेय को हसदेव कछार जल संसाधन विभाग का नया प्रभारी मुख्य अभियंता बनाया गया है। इसी पद पर बिलासपुर में पदस्थ जेके नेताम पदोन्नत कर ईएनसी बनाए गए हैं। शासन द्वारा जारी आदेश में महानदी परियोजना रायपुर में मुख्य अभियंता के रूप में पदस्थ मक्सी कुजूर को मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार जलसंसाधन विभाग रायपुर पदस्थ किया गया है।

डीईओ ने किया कोटा के विद्यालयों का निरीक्षण

बिलासपुर। जिले में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार तथा विद्यालयों में शैक्षणिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर विद्यालयों का सघन निरीक्षण अभियान जारी है। कलेक्टर द्वारा प्राचार्यों एवं संकुल शैक्षिक समन्वयकों की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुरूप जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी लगातार विद्यालयों का निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी रामेश्वर जायसवाल ने आज कोटा विकासखंड के शासकीय विद्यालय तेंदुआ, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय करगीकला, शासकीय हाई स्कूल धूमा तथा सेजेस विद्यालय कोटा का औचक निरीक्षण किया।

खाद्य एवं औषधि विभाग ने दी सफाई की हिदायत

बिलासपुर। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर के मार्गदर्शन में विगत दिनों खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने ऑडिट कार्य कराया गया, जिसके दौरान अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर का इट राइट कैंपस, महामाया मंदिर रतनपुर का इट राइट प्लेस आफ वोर्शिप, मरीन ड्राइव चौपाटी को क्लीन स्ट्रीट फूड हब तथा गुरुघासीदास, कैफेटेरिया, सेंट्रल किचन एवं अन्य 5 फर्मों को हाइजीन रेटिंग के तहत ऑडिट कराया गया। सभी फर्मों में आईईसी एक्टिविटी के तहत पोस्टर का वितरण कर प्रदर्शित कराया गया। जांच के दौरान सभी को साफ सफाई रखने सख्त हिदायत दी गई।

टूटेगा शनिचरी का मछली बाजार, निगम बुलडोजर चलाकर नई दुकानें बनाएगा

- नए व्यवस्थापन नियम के तहत यहीं के सभी व्यापारियों को दुकानें आबंटित की जाएंगी
- प्रारंभिक स्तर पर एक करोड़ स्वीकृत, मेयर इन कौंसिल में भी प्रस्ताव किया गया पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खास खबर

जिले में सबसे व्यस्त शनिचरी बाजार टूटेगा। यहां के अवैध कब्जों के साथ ही पुरानी दुकानों पर बुलडोजर चलाकर नया काम्पलेक्स बनाने की योजना है।पहले चरण में जहां मछली बाजार लगता है उसे हटाया जाएगा। यहां की जमीन खाली कराते हुए निगम नई दुकानें बनाएगा और नए व्यवस्थापन नियम के तहत यहीं के व्यापारियों को दुकानें आबंटित की जाएगी। प्रारंभिक स्तर पर इसके लिए एक करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।

महापौर पूजा विधानी के मुताबिक इस संबंध में मेयर इन कौंसिल में प्रस्ताव भी पास किया गया। परियोजना के तहत जल्द ही काम शुरू होगा। मछली बाजार के बाद शनिचरी के दूसरे बाजारों में पुरानी दुकानों को तोड़कर नया बनाने की योजना है। हालांकि महापौर ने साफ किया है कि शनिचरी का सब्जी बाजार जो कि अंदर लगता है उसे फिलहाल नहीं तोड़ा जाएगा।

गौरतलब है कि शनिचरी बाजार में रोड के दोनों किनारे बेतरतीब ढंग से फल ठेले लगने के कारण अक्सर यहां जाम की नौबत रहती थी। इन फल ठेले वालों को रपटा रोड के किनारे शिफ्ट करने के बाद भी स्थिति जस की तस है। बाल्मिकी चौक से लेकर जूना बिलासपुर वाले क्षेत्र में सड़क पर ही मछली बाजार भी लगता है। सुबह से शाम तक यहां से गुजरना मुश्किल होता है। डिवाइडर पर दुकानदारों द्वारा पार्किंग भी की जाती है। इससे जूना बिलासपुर, हटरी चौक की ओर जाने वाले वाहनों को परेशानियां होती हैं।

शनिचरी रोड की होगी मार्किंग

इसके साथ ही निगम प्रशासन ने शनिचरी बाजार में पार्किंग और वेंडिंग जोन बनाने का निर्णय लिया है। इसके तहत आने वाले दिनों में शनिचरी बाजार में पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी,जहां नागरिक अपने वाहन पार्क कर बाजार खरीददारी करने जा सकेंगे। इसी प्रकार जिस स्थान पर अभी ठेला व्यापारियों को शिफ्ट किया गया है, उसे वेंडिंग जोन घोषित कर वहां की व्यवस्था सुदृढ़ की जाएगी। साथ ही निगम ने शनिचरी रोड की मार्किंग कराने का निर्णय लिया ताकि आवागमन में पूरी सड़क का उपयोग हो सके। इससे लोग दोबारा इस रोड पर अतिक्रमण भी नहीं कर सकेंगे। रोड चौड़ीकरण के साथ ही मुख्य मार्ग में स्ट्रीट लाइट का भी विस्तार करने का निर्णय लिया गया है।

बनाई जाएंगी नई दुकानें

शनिचरी बाजार में चल रहे मछली बाजार को हटाया जाएगा। यहां की जमीन खाली कराते हुए निगम नई दुकानें बनाएगा और नए व्यवस्थापन नियम के तहत यहीं के व्यापारियों को दुकानें आबंटित की जाएगी। प्रारंभिक स्तर पर इसके लिए एक करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।इस संबंध में मेयर इन कौंसिल में प्रस्ताव भी पास किया गया। परियोजना के तहत जल्द ही काम शुरू होगा।

\- **पूजा विधानी**, महापौर

व्यापारियों ने दुकान और मकान बना लिया

इस मछली मार्केट में अतिक्रमण कर व्यापारियों ने दुकान और मकान बना लिया है और अवैध कब्जा खाली नहीं कर रहे हैं। निगम को यह भी जानकारी मिली है की इस सब्जी बाजार में बनी निगम की दुकानों में भी कब्जा है। इन दुकानों को एक तरह से गोदाम बना लिया गया है। यहां सब्जी के साथ ही दूसरे सामान रखे जा रहे हैं। इसके साथ ही रात को इन दुकानों में शराबखोरी की भी शिकायतें निगम को मिल रहीं थी। इसके अलावा शनिचरी के मछली मार्केट के पास सालों से किराया नहीं पटाने वाले 7 दुकानों को निगम ने कुछ दिन पहले ही सील किया है।

119 दुकानों में अवैध निर्माण, चबूतरे हो गए पक्के

ज्ञात हो कि शनिचरी बाजार में नगर निगम की 801 दुकानें हैं। इनमें से 119 दुकानों में अवैध निर्माण मिला है। इसी प्रकार 112 चबूतरे हैं। इनमें से ज्यादातर चबूतरों पर पक्का निर्माण हो चुका है। इनमें 98 चबूतरों में गड़बड़ी मिली है। सब्जी मंडी के चबूतरों में शेड और शटर लगाकर उसे पक्की दुकान का रूप दे दिया गया है। मजेदार बात यह है कि ये अवैध निर्माण वर्षों पहले किए गए हैं, परंतु इसका सर्वे निगम नहीं कर सका है और अब तोड़फोड़ की बात हो रही है। सब्जी मंडी के अंदर जिन्हें चबूतरा आवंटित किया गया है उन्होंने आपसी सहमति बनाकर चबूतरे के ऊपर टीन का शेड और तीन तरफ से शटर लगवा लिए। कुछ ने चबूतरों में पक्का निर्माण भी कर लिया है।

विद्युत वितरण केन्द्र मुख्यालय का किया गया घेराव

24 घंटे में 26 बार बिजली बंद, नाराज लोगों ने मचाया हंगामा, बंद रहीं सकरी की दुकानें

बिजली बंद के विरोध में व्यापारियों ने निकाली बाइक रैली।

सकरी क्षेत्र की बंद रही दुकानें।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर/सकरी

विद्युत मंडल का सकरी जोन अव्यवस्था की मिसाल कायम कर रहा है, इस इलाके में 24 घंटे में 26 बार बिजली बंद हो रही है, हालत यह है कि लोगों के घरों के इन्वर्टर तक किसी काम के नहीं रह गए हैं, बार बार बिजली बंद होने से आमलोगों के अलावा इस क्षेत्र के व्यापारी भी हलाकान हैं, बिजली बंद होने से व्यापारियों का लाखों का नुकसान हो रहा है, लगातार शिकायतों के बाद भी व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर बुधवार को क्षेत्रीय नागरिकों व व्यापारियों का गुस्सा फट पड़ा, लोगों ने सकरी की दुकानें बंद कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया, दोपहर में तिफरा विद्युत मंडल कार्यालय का घेराव भी कर दिया।

विद्युत मंडल के सकरी जोन में एक एई के भरोसे 25 गांव और नगर निगम क्षेत्र के चार वार्ड हैं। इस क्षेत्र में दर्जनों कालोनियां हैं, जहां हजारों लोग रहते हैं। इसके अलावा सकरी व्यापार के बड़े केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है। इस क्षेत्र में दर्जनों ऐसे संस्थान हैं, जहां बिजली के बिना काम पूरी तरह ठप हो जाता है, राइस मिल से लेकर फेब्रिकेशन का काम इनमें शामिल है। इस क्षेत्र में आमतौर पर बिजली की समस्या रहती है, परन्तु पिछले दो महीने से भारी अव्यवस्था का आलम है। बिना किसी कारण के हर घंटे बिजली बंद होना आम बात है, कई बार 8 - 10 घंटे तक पूरा इलाका ब्लैक आउट रहता है, मौसम साफ होने के बाद भी कई बार हर घंटे बिजली बंद होती है। इस अव्यवस्था से क्षेत्र में रहने वाले लोग हलाकान हैं। व्यापारियों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। समस्या से त्रस्त सकरी के निवासियों सहित व्यापारियों ने बुधवार की सुबह अपनी-अपनी दुकानें बंद रखकर चरमराई बिजली व्यवस्था के खिलाफ विरोध जताना शुरू कर दिया। व्यापारियों का कहना है कि काफी समय से क्षेत्र में बिना सूचना दिए अधिकारी कभी भी किसी भी समय बिजली की कटौती करते हैं, जिसकी वजह से व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। बिजली नहीं रहने से इलेक्ट्रानिक उपकरण ठप हो जाते हैं और ग्राहकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार शिकायत और मांग करने के बाद भी आंदोलन करने का रास्ता अपनाया गया है। व्यापारी संघ का कहना है कि यह आंदोलन केवल व्यापारियों का नही, बल्कि पूरे सकरी क्षेत्र के लोगों की समस्या को लेकर किया गया है। जल्द बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं किया जाता है तो आंदोलन को तेज किया जाएगा।

किया जाएगा निराकरण

सकरी क्षेत्र में बिजली बंद होने की समस्या की जानकारी मिली है। यहां बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए कार्य किए जा रहे हैं, जिसके बाद भी अगर बार-बार इस तरह की परेशानी हो रही है तो मौके पर पहुंचकर चेक करने के उपरांत तत्काल समस्या का निराकरण किया जाएगा।

-**सुरेश कुमार जांगड़े**, एसी
ग्रामीण सर्किल वितरण कंपनी मर्यादित

बिजली व्यवस्था सुधारने मंगला कोनी में बनेंगे दो नए सप्लाई जोन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केबल लगाने 10 करोड़ की राशि मंजूर

- बिजली कटौती के मुद्दे पर हुई सुनवाई में सीएसपीडीसीएल की ओर से शपथ पत्र पेश, 9 बड़े फैसले लेने की बात कही गई
- केवल कार्ययोजना बना लेना ही काफी नहीं है, जब तक कि उसका लाभ आम जनता को जमीन पर नहीं मिले- हाईकोर्ट

आंधी-तूफान और बारिश के दौरान शहर में सड़कों पर जलभराव और बिजली की लगातार कटौती के मुद्दे पर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने स्वतः संज्ञान याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि केवल कार्ययोजना बना लेना ही काफी नहीं है, जब तक कि उसका लाभ आम जनता को जमीन पर न मिले। कोर्ट ने दो टूक कहा कि प्रस्तावित उपायों का जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित होनी चाहिए। चल रहे मानसून सत्र के दौरान यह सुनिश्चित किया जाए कि सार्वजनिक सड़कों व गलियों में अनावश्यक जलभराव न हो और बिजली आपूर्ति निर्बाध बनी रहे। यदि कहीं से भी शिकायत आती है, तो बिना देरी के उसका तुरंत निवारण किया जाए। जनहित याचिका की अगली सुनवाई के लिए डिवीजन बेंच ने 30 जुलाई 2026 की तिथि तय कर दी है। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव, बिजली कंपनी के एमडी और बिलासपुर नगर निगम आयुक्त को व्यक्तिगत रूप से निगरानी करने और ठोस प्रगति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है।

ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव और सीएसपीडीसीएल के प्रबंध निदेशक (एमडी) द्वारा प्रस्तुत शपथ-पत्र के अनुसार, शहर में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 3 जुलाई को राज्य स्तरीय बैठक में 9 महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। इसमें टूटने वाले सीमेंट के पोल की जगह अब मजबूत लोहे के खंभे लगाए जाएंगे। साथ ही बिजली व्यवस्था सुधारने मंगला (11,731 उपभोक्ता) और कोनी (10,080 उपभोक्ता) में दो नए सप्लाई जोन बनेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना से आंधी-तूफान में टूटने वाले खुले तारों को हटाकर कवर्ड केबल लगाने के लिए 10 करोड़ की राशि मंजूर की गई है।

अतिरिक्त सब स्टेशन स्थापित किए जा रहे

साथ ही गिरे पेड़ों और होर्डिंग से बाधित बिजली तुरंत बहाल करने के लिए अतिरिक्त स्काईलिफ्ट वाहन तैनात किए जाएंगे। शपथ पत्र में बताया गया है कि बढ़ते लोड को देखते हुए 1 अतिरिक्त हाई वोल्टेज सब-स्टेशन और दो 33/11 केवी सब-स्टेशन स्थापित किए जाएंगे, जिसके लिए कलेक्टर से जमीन मांगी गई है। साथ ही शिकायत निवारण और हाई-टेंशन लाइनों के रखरखाव के लिए नई निविदाएं जारी कर अधिक कर्मचारी तैनात किए जा रहे हैं। साथ ही उपभोक्ता शिकायतों को तय समय-सीमा के भीतर हल करने की व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए कॉल सेंटर टाइमलाइन तय किया गया है।

निगम ने शपथ पत्र में यह बताया

निगम कमिश्नर की ओर से दिए गए शपथ पत्र में कहा गया है कि बाढ़ नियंत्रण के लिए नेहरू चौक स्थित विकास भवन में समर्पित कंट्रोल रूम गठित कर नोडल अधिकारी तैनात किए गए हैं। इसके साथ ही अप्रैल 2026 से सभी 8 जोनों में प्रमुख नालों और नालियों की गाद निकालने का काम जारी है, जिसके लिए 14 विशेष वाहनों का बेड़ा तैनात है। आपातकालीन स्थिति में जलभराव से निपटने के लिए जेसीबी, पंप और राहत सामग्री का प्रबंध किया गया है।

सड़क पर कब्जा करने को लेकर दो गुटों के बीच मारपीट, 15 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सड़क पर कब्जा करने को लेकर दो गुटों के बीच आपस में विवाद हो गया। जिससे दोनों पक्ष ने एक दूसरे के साथ जमकर मारपीट की। दोनों पक्ष से 15 लोग घायल हो गए हैं । घायलों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है ।

कोनी सेमरताल निवासी भानु प्रताप नोनिया ने बताया उनका पड़ोसी घर के सामने आने जाने के रास्ते में कब्जा कर लेता है। जिसको लेकर दोनों परिवार के बीच विवाद चल रहा था । गुरुवार की रात पड़ोसी परमानंद संतोष रितिक दिवाकर एवं अन्य बिलासपुर से युवकों को बुलवाकर उनके घर के सामने गाली गलौज कर रहे थे। मना करने पर युवकों के द्वारा जमकर मारपीट की गई। मारपीट करने से उनके परिवार के तीन महिलाओं सहित नौ लोगों को चोट आई है। वहीं दूसरे पक्ष से 6 लोगों को चोट आई है । घायलों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है । जानकारी मिलने पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

सिम्स में चल रहा घायलों का इलाज व इनसेट में घायल।

श्रद्धांजलि

यद्यपि आप हमारे बीच नहीं है, परन्तु आपकी मधुर स्मृतियां एवं आदर्श हमारी राहों को सदा रोशन करती रहेगी।

आज आपके प्रथम पुण्यतिथि पर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं...

स्व. श्रीमती मधुबाला टाह

निर्वाण 09/07/2025

श्रद्धानवत् :- स्व. श्री इंद्र मोहन टाह (पति) एवं स्व. श्री राहुल टाह (पुत्र)

खोंगसरा से टेंगनमाड़ा के बीच रेल लाइन पुल के नीचे हुई घटना

ट्रेन का हार्न सुनकर लाइन से नीचे कूद गया भालू, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ट्रेन का हार्न का सुनकर लाइन पर खड़ा भालू डर गया और नीचे कूद गया। लाइन से करीब 20 फीट नीचे गिरने के कारण भालू को गंभीर चोट पहुंची, जिसके बाद उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

बिलासपुर से पेण्ड्रारोड सेक्शन में घने जंगल के बीच बनी रेल लाइन में प्रतिदिन वन्यप्राणियों के ट्रेन से टकराकर मौत होने की घटना हो रही है। रेल लाइन के अगल-बगल में किसी तरह की बाउंड्रीवाल नहीं होने के कारण जंगल के वन्यप्राणी लाइन पर आ जाते हैं। इसी तरह की घटना बुधवार की सुबह बिलासपुर डिवीजन के खोंगसरा से टेंगनमाड़ा स्टेशन के बीच हुई। इन दोनों स्टेशन के बीच भनवारटंक के क्षेत्र बिलासपुर वन मंडल और वन विकास निगम में हैं, जहां सुबह एक नर भालू का शव देखकर ग्रामीण एरिया में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने रेल लाइन में पुल के नीचे एक भालू को मरे हुए अवस्था में देखकर तत्काल वन विभाग की टीम को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद विभाग के अधिकारी और कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचे और भालू का शव पोस्टमार्टम करने के लिए किनारे कराया। दोपहर को वन विकास निगम और वन विभाग बिलासपुर के अधिकारियों की उपस्थिति में तीन डॉक्टरों की टीम ने भालू का पोस्टमार्टम किया। इसी बीच ग्रामीणों ने भालू की मौत आपसी संघर्ष और ट्रेन की टक्कर से होने की आशंका व्यक्त की। पोस्टमार्टम के बाद प्रारंभिक जानकारी मिली कि नर भालू की उम्र करीब 11 साल की है, जो रेल लाइन पर अचानक आ गया था। भालू को सामने से ट्रेन और उसके तेज हार्न सुनाई दिया, जिससे बचने के लिए वह लाइन से नीचे कूदा। इसकी वजह से भालू के सिर में गंभीर चोट पहुंची और लंग्स में खून भरने के कारण उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम करने के बाद भालू का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

नहीं मिली पीएम रिपोर्ट

जिस स्थान पर भालू की मौत हुई है, वह स्थान रेलवे एरिया में आता है। बेलगहना रेंज में टेंगनमाड़ा के पास करवा बीट में भालू का शव मिलने के बाद तत्काल टीम को रवाना किया गया। पूर्व में सूचना मिली कि वह बुजुर्ग हो गया था या फिर दो भालू के बीच आपसी संघर्ष हुआ है, जिसके कारण उसकी मौत हुई है। भालू का पोस्टमार्टम कर लिया गया है, इसकी अधिकारिक रूप से रिपोर्ट अब तक नहीं मिली है। रिपोर्ट आने के बाद ही भालू के मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

\- **सत्यदेव शर्मा**, डीएफओ
वन विकास निगम

ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई

ITI ▸ AKALTARA

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass) • FITTER* 2 Year (10th Pass)

मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3,
बलोदा रोड, अकलतरा , (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444

खबर संक्षेप

विदेश प्रवास से शहर लौटे विधायक अमर का किया गया स्वागत

बिलासपुर। नगर विधायक अमर अग्रवाल के विदेश यात्रा से वापसी पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वामी विवेकानंद विमानतल रायपुर में स्वागत। नगर विधायक श्री अग्रवाल अपने निजी 14 दिवसीय विदेश प्रवास से छत्तीसगढ़ वापस पहुंचे। रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद विमानतल पर नगर से रायपुर पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत अभिनंदन किया। रायपुर विमानतल पर स्वागत करने वालों में शेखर पाल, रौशन सिंह, गौरी गुप्ता, सन्नी केशरी, राहुल सिंह आदि शामिल हैं।

एसबीआई ने सिम्स को सौंपा चेक, मिलेगी एम्बुलेंस

बिलासपुर। एसबीआई द्वारा अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व योजना के अंतर्गत सिम्स बिलासपुर को अत्याधुनिक जीवन रक्षक उपकरणों से सुसज्जित एडवांस कार्डियक लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस उपलब्ध कराने के लिए सांकेतिक चेक 37 लाख, 87 हजार सिम्स के अधिष्ठाता एवं चिकित्सा अधीक्षक को प्रदान किया गया। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा उपलब्ध कराई जा रही यह अत्याधुनिक एम्बुलेंस आगामी एक माह के भीतर सिम्स को प्रदान कर दी जाएगी। यह एम्बुलेंस आधुनिक जीवन रक्षक उपकरणों एवं आवश्यक दवाओं से सुसज्जित होगी। इस अवसर पर बैंक अधिकारियों ने कहा कि स्टेट बैंक केवल बैंकिंग सेवाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के माध्यम से स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक विकास के क्षेत्र में भी निरंतर योगदान देता रहा है। सिम्स के अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति ने कहा कि यह एम्बुलेंस संस्थान की आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को नई मजबूती प्रदान करेगी। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह ने बैंक प्रबंधन का आभार से सुसज्जित यह एम्बुलेंस अनेक मरीजों के लिए जीवनरक्षक साबित होगी। इस अवसर पर एसबीआई मुंबई के प्रबंध निदेशक अश्वनी तिवारी, मुख्य महाप्रबंधक अतुल श्रीवास्तव, महाप्रबंधक मनोज कुमार, उप महाप्रबंधक बिलासपुर आलोक रंजन, मुख्य शाखा प्रबंधक सुश्री ज्योत्सना सिंह, अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह आदि मौजूद थे।

बिजली कर्मचारी महासंघ ने सौंपा ज्ञापन महासभा 10 को, हड़ताल 17 अगस्त से

बिलासपुर। विद्युत वितरण कंपनी बिलासपुर रीजन में बिजली कर्मचारियों ने 10 जुलाई को महासभा और 17 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल करने का निर्णय लिया है। बिजली कर्मचारी संघ और महासंघ ने प्रदेश व्यापी आंदोलन के तहत क्षेत्रीय कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष संजय तिवारी ने कहा कि बिजली कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित न्यायोचित मांगों का निराकरण किया जाना चाहिए। प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ ने रायपुर में 10 जुलाई को आयोजित विशाल आमसभा एवं विरोध प्रदर्शन में शामिल होने का आव्हान किया। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष कविता विश्वकर्मा ने कहा कि बिजली कंपनी की मजबूती और कर्मचारियों के हित एक दूसरे से जुड़े हैं। कर्मचारियों की जायज मांगों की अनदेखी से काफी असंतोष बढ़ रहा है। क्षेत्रीय अध्यक्ष रामायण सूर्यवंशी ने कहा कि जिस उत्साह और एकजुटता के साथ आंदोलन में सभी ने भागीदारी की है, उससे संगठन और अधिक मजबूत हुआ है। क्षेत्रीय सचिव रविकांत ठाकुर और संतोष शर्मा ने भी सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद थे।

राज्य महिला आयोग अध्यक्ष ने चुनाव लड़ने से किया इनकार

बिलासपुर। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. श्रीमती किरणमयी नायक ने महिला आयोग के बाद चुनाव लड़ने से इनकार किया है। किरणमयी नायक का राज्य महिला आयोग अध्यक्ष पद पर उनका दूसरा कार्यकाल सोमवार 13 जुलाई को समाप्त हो रहा है। वे महिला आयोग अध्यक्ष पद पर 6 साल तक रहीं। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की बुधवार को बिलासपुर में जनसुनवाई हुई। राज्य महिला आयोग अध्यक्ष डॉ. श्रीमती किरणमयी नायक की राज्य में यह 411 वीं और बिलासपुर में 23 वीं जनसुनवाई थी। इसके बाद दो दिन रायपुर में महिला आयोग की सुनवाई चलेगी, उसके बाद सोमवार 13 जुलाई को उनका दूसरा कार्यकाल समाप्त हो जाएगा। किरणमयी महिला आयोग अध्यक्ष पद पर 6 साल तक रहीं। बिलासपुर में जनसुनवाई पश्चात प्रेसवार्ता दौरान जब महिला आयोग अध्यक्ष किरणमयी नायक से पूछा गया कि महिला आयोग अध्यक्ष के रूप में कार्यकाल समाप्त होने के बाद वे विधानसभा या लोकसभा चुनाव लड़ेंगी। इस पर ठहाका लगाते हुए उन्होंने बताया कि लोकसभा व विधानसभा दोनों के लिए पहले ही वे मना कर दिया था। इसीलिए महिला आयोग अध्यक्ष पद पर उनका दुबारा रिनीवल हुआ था। इस तरह से उन्होंने महिला आयोग से कार्यकाल समाप्त होने के बाद चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। किरणमयी ने बताया कि उन्होंने महिला आयोग में जनसुनवाई के दौरान महिलाएं व पुरुषों दोनों के पक्ष को सुना है। पुरुष आयोग होना चाहिए इस प्रश्न पर उनका कहना है कि पुरुष आयोग मेरा क्षेत्राधिकार नहीं है। इसके लिए मुख्यमंत्री से बात करना चाहिए। उनका यह भी कहना है कि आने वाले समय में पुरुष आयोग बन सकता है क्योंकि कानून निरंतर संशोधित होने वाली प्रक्रिया है। महिलाओं द्वारा कानून के दुरुपयोग के प्रश्न पर डॉ. किरणमयी ने बताया कि महिलाओं द्वारा कानून का बेजा दुरुपयोग के कुछ मामले महिला आयोग में आए थे।

माशिमं ने दिया द्वितीय अवसर | 6 केन्द्रों में ली गई परीक्षा, कुल 521 छात्रों को भाग लेना था लेकिन 470 ही पहुंचे

फेल छात्रों को पास होने मिला दूसरा अवसर, अनुपस्थित रहे 51 छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा ली जा रही अवसर (सप्लीमेंट्री) परीक्षा के पहले दिन ही 12 वीं हिंदी विषय के पेपर में 51 छात्र अनुपस्थित रहे। यह परीक्षा जिले के 6 केन्द्रों में सुबह 9 से दोपहर 12.15 बजे तक ली गई। इसमें कुल 521 छात्रों को भाग लेना था लेकिन 470 ही पहुंचे। यहां खास बात है कि यह अवसर परीक्षा 10 वीं और 12 वीं में फेल हुए छात्रों के लिए आयोजित की जा रही है ताकि उन्हें अगली कक्षा में प्रवेश लेने का मौका मिल सके। इस परीक्षा से भी लेकिन नदारद रहे 12 वीं के छात्रों के संबंध में शिक्षा विभाग के पास भी कोई जवाब नहीं है।

- **माशिमं द्वारा ली जा रही 12 वीं हिंदी के पेपर में परीक्षा देने नहीं पहुंचे छात्र**

गौरतलब है कि हायर सेकेंडरी (कक्षा 12वीं) द्वितीय मुख्य/अवसर परीक्षा 8 जुलाई से शुरू होकर 22 जुलाई तक चलेगी। इसी तरह हाईस्कूल (कक्षा 10वीं) द्वितीय मुख्य/अवसर परीक्षा 9 जुलाई से 21 जुलाई तक होगी। दोनों परीक्षाओं का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक निर्धारित है। ध्यान रहे कि इस साल सीजी बोर्ड की परीक्षा में 41 हजार से ज्यादा स्टूडेंट फेल हो गए हैं। अब इन छात्रों के पास पास होने और बेहतर अंक प्राप्त करने का एक और अवसर है।

इनके लिए है अवसर परीक्षा

ध्यान रहे कि अभी तक सभी विषय में फेल विद्यार्थियों को मुख्य परीक्षा में दोबारा बैठने के लिए एक साल का इंतजार करना होता था। अब लेकिन अधिकारियों के अनुसार दूसरी मुख्य परीक्षा में वे सभी विद्यार्थी आवेदन कर सकेंगे जो प्रथम मुख्य परीक्षा 2026 में पंजीकृत थे। इनमें पूरक, अनुत्तीर्ण विद्यार्थी और उत्तीर्ण छात्र जो श्रेणी सुधार करना चाहते हैं। इसके अलावा मुख्य परीक्षा 2025 में पहली बार पंजीकृत होकर अनुत्तीर्ण या पूरक आए विद्यार्थी भी क्रेडिट योजना के तहत पात्रतानुसार अनुत्तीर्ण विषयों के लिए आवेदन कर सकते थे।

अवसर व पूरक परीक्षा में थोड़ा ही अंतर

अधिकारियों के अनुसार अवसर व पूरक परीक्षा में थोड़ा ही अंतर है। अवसर परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थी नियमित नहीं बल्कि प्राइवेट छात्र के रूप में शामिल होते हैं। इसके अलावा पास होने पर इनके सर्टिफिकेट में अवसर परीक्षा का जिक्र रहेगा। गौरतलब है कि पिछले वर्ष अवसर परीक्षा में करीब सवा लाख विद्यार्थी शामिल हुए थे। इस बार छात्रों की संख्या लेकिन 40 हजार के करीब ही है।

470 छात्र पहुंचे

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा ली जा रही अवसर (सप्लीमेंट्री) परीक्षा के पहले दिन ही 12 वीं हिंदी विषय के पेपर में 51 छात्र अनुपस्थित रहे। यह परीक्षा जिले के 6 केन्द्रों में सुबह 9 से दोपहर 12.15 बजे तक ली गई। इसमें कुल 521 छात्रों को भाग लेना था लेकिन 470 ही पहुंचे।

-श्रीमती वर्षा शर्मा
सहायक संचालक, शिक्षा विभाग

कालेज भवन के लिए 4 करोड़ 65 लाख रुपए की स्वीकृति

पिछले 6 साल से जर्जर प्रायमरी स्कूल में संचालित हो रहा गवर्नमेंट कालेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सकरी गवर्नमेंट कालेज पिछले 6 साल से प्रायमरी स्कूल के जर्जर भवन में संचालित हो रहा है। कालेज भवन निर्माण के लिए सकरी में पांच एकड़ जमीन भी मिल गई है और शासन से 4 करोड़ 65 लाख रुपए फंड भी स्वीकृत हो चुका है। बावजूद इसके कालेज के नए भवन निर्माण का मामला टेंडर प्रक्रिया से आगे नहीं बढ़ पाया है और एक बार टेंडर निरस्त हो चुका है, वहीं दुबारा टेंडर की प्रक्रिया चल रही है।

- **सकरी में पांच एकड़ जमीन भी आबंटित**

सकरी नगर पंचायत से नगर निगम में शामिल हो गया है और यहां पर राज्य शासन द्वारा वर्ष 2021 में गवर्नमेंट कालेज भी खोल दिया गया। इस तरह सकरी में कालेज खोले 6 साल होने जा रहा है, लेकिन इतने सालों के बाद भी कालेज का अपना भवन नहीं बन पाया है और प्रायमरी स्कूल के भवन में कालेज संचालित हो रहा है। यह प्रायमरी स्कूल का भवन भी काफी जर्जर हो चुका है और बहुत मुश्किल से कालेज का अध्ययन-अध्यापन कार्य यहां हो पा रहा है। कालेज के स्टाफ तो नए भवन का इंतजार कर ही रहे हैं, वहीं यहां पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं का एक बैच नए भवन का इंतजार करते निकल गया है और दूसरी बैच पढ़ाई पूरी कर निकलने वाला है। जिस भवन में सकरी गवर्नमेंट कालेज संचालित किया जा रहा है वहां एक तरफ के कमरों में प्रायमरी स्कूल के बच्चे पढ़ते हैं और दूसरे तरफ के कमरों में कालेज के छात्र-छात्राएं की क्लास लगती है। जगह की कमी के साथ-साथ प्रायमरी स्कूल के बच्चों की शोरगुल से लेकर कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

हाईस्कूल के पीछे बनना है कालेज भवन

सकरी गवर्नमेंट कालेज के भवन के लिए सकरी में ही खसरा नंबर 613/1/क, कुल रकबा 9.900 हेक्टेयर में से 5 एकड़ भूमि निस्तार मद से पृथक करते हुए आबंटित कर दी गई है। राज्य शासन द्वारा सकरी में नवीन गवर्नमेंट कालेज सत्र 2021 में खोला गया था और उसके बाद से कालेज प्रबंधन द्वारा जमीन की मांग की जा रही थी। सकरी हाईस्कूल के पीछे शासकीय जमीन को कालेज के लिए आबंटित किया गया है, जहां पर कालेज का नया भवन बनेगा।

जीर्ण-शीर्ण भवन की छत का गिर रहा प्लास्टर

सकरी गवर्नमेंट कालेज जिस शासकीय प्रायमरी स्कूल भवन में संचालित हो रहा है, वह भवन भी काफी जीर्ण-शीर्ण स्थिति में है। भवन के छत के प्लास्टर गिर रहे हैं और कई जगह से छत के सरिया नजर आ रहे हैं। कई जगहों पर सीपेज हैं और बरसात में पानी टपकता है। इसी तरह एक तरफ टीन के शेड वाले कमरे हैं जहां पर क्लास लगती है। ये शेड टीन वाले कमरों की स्थिति भी बहुत खराब है और कालेज प्रवेश द्वार पर पानी, कीचड़ भरा रहता है, जिससे छात्र-छात्राओं को आने-जाने में परेशानी होती है।

बीए, बीएससी व बीकॉम तीनों संकाय

सकरी कालेज में बीए, बीएससी, बीकाम तीनों संकाय खोले गए हैं और तीनों संकायों की कक्षाएं लगती हैं, जिससे छात्र-छात्राओं को बैठने में अव्यवस्था होती है। एक कमरे में स्कूल की कक्षा चलती है और बगल के दूसरे कमरे में कालेज के छात्र-छात्राएं पढ़ाई करते हैं। यहां जगह की कमी के कारण न तो आधुनिक लैब है और न ही लाइब्रेरी है। कालेज के छात्र-छात्राओं के खेलकूद के लिए खेल मैदान भी नहीं है। सकरी कालेज में 400-500 के बीच छात्र-छात्राएं हैं और करीब 14 शिक्षकों का स्टाफ यहां पर कार्यरत है। कालेज का खुद का भवन बन जाने से इस कालेज में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या भी बढ़ जाएगी। सकरी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राएं यहां पढ़ने आएंगे।

जगह की कमी है

सकरी गवर्नमेंट कालेज का भवन नहीं बन पाया है इसलिए स्कूल भवन में संचालित हो रहा है, जिसकी वजह से जगह की कमी है। कालेज भवन के लिए करीब पांच एकड़ जमीन हाईस्कूल के पीछे मिला है। शासन से नए कालेज भवन निर्माण के लिए राशि भी स्वीकृत है। भवन निर्माण के लिए पीडब्लूडी द्वारा दूबारा टेंडर प्रक्रिया की जा रही है।

-डॉ. रूबी मलहोत्रा
प्राचार्य, गवर्नमेंट कालेज सकरी

संगठन को बिना बताए आंदोलन न करें: कांग्रेस

बिलासपुर। संगठन सृजन अभियान के बाद कांग्रेस के नवनियुक्त कार्यकारिणी की पहली बैठक बुधवार को हुई। पहले शहर कांग्रेस के कार्यकारिणी की बैठक कांग्रेस भवन में हुई, उसके तुरंत बाद दोपहर में ही जिला ग्रामीण कार्यकारिणी की बैठक हुई। शहर कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए शहर अध्यक्ष सुद्धांशु मिश्रा ने पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को संगठन को बिना बताए कोई आंदोलन धरना प्रदर्शन नहीं करने की बात कही है। शहर कांग्रेस के नई कार्यकारिणी की बैठक में जिला प्रभारी सुबोध हरितवाल एवं मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया शामिल हुए और उनके हाथों नवनियुक्त पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्यों को नियुक्ति पत्र के साथ फूल, गमछा भेंटकर सम्मान किया गया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुद्धांशु मिश्रा ने कहा कि पार्टी के मजबूती के लिए काम करना है। लेकिन पदाधिकारी, कार्यकर्ता एक बात का ध्यान रखें कि संगठन को बिना बताए कोई आंदोलन, धरना प्रदर्शन न करें। संगठनको इसकी सूचना देकर ही आंदोलन करें। जिला प्रभारी सुबोध हरितवाल ने सबको नियमित बैठक करने कहा है। इसकी रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई कोताही बरतता है उसके खिलाफ अनुशासन की कार्रवाई होगी। इसके तत्काल बाद जिला कांग्रेस ग्रामीण की नवनियुक्त कार्यकारिणी की प्रथम विस्तारित बैठक संपन्न हुई। हाल ही में जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है, जिसमें जिला कार्यकारी सदस्य, जिला उपाध्यक्ष, जिला महामंत्री एवं जिला सचिव सहित विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गई हैं। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी सुबोध हरितवाल ने कहा कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारी अनुशासन, समर्पण और संगठन की विचारधारा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कांग्रेस पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का कार्य करें। जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री ने कहा कि नई कार्यकारिणी के गठन से संगठन को नई ऊर्जा और नई दिशा मिली है। अब ब्लॉक, सेक्टर, बूथ एवं ग्राम पंचायत स्तर तक संगठनात्मक गतिविधियों को गति मिलेगी तथा कांग्रेस की विचारधारा को प्रत्येक घर तक पहुंचाने के लिए योजनाबद्ध ढंग से कार्य किया जाएगा। कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि नई कार्यकारिणी में अनुभव और युवाओं के उत्साह का समन्वय दिखाई देता है, जिसका लाभ निश्चित रूप से संगठन को मिलेगा। बैठक में मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, पूर्व जिला अध्यक्ष विजय केशरवानी, राजेन्द्र शुक्ला, सियाराम कौशिक, प्रमोद नायक, राजेंद्र साहू, समीर अहमद सहित बड़ी संख्या में जिला पदाधिकारी एवं कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

रेलवे कोचिंग टर्मिनल में बिलासपुर को शामिल करने की मांग

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ रेल यूजर्स ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर जंक्शन को रेलवे कोचिंग टर्मिनल विस्तार योजना 2030 में शामिल करने की मांग रेल मंत्री से की है। बिलासपुर जंक्शन एसईसीआर का मुख्यालय होने के साथ छत्तीसगढ़ और मध्य भारत का महत्वपूर्ण रेलकेन्द्र है। यहां से प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्री देश के विभिन्न भागों में सफर करते हैं। रेल मंत्रालय ने 15 अक्टूबर 2024 को सभी जोनल रेलवे को 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले अथवा महत्वपूर्ण शहरों के लिए मेगा रेलवे टर्मिनल हब विकसित करने अवधारणा योजना तैयार करने निर्देशित किया था। ऐसे टर्मिनलों को 40 से 50 अथवा उससे अधिक ओरिजिनेटिंग ट्रेनों के संचालन, पर्याप्त स्टेबलिंग लाइन, पिट लाइन, रखरखाव सुविधाओं तथा बहु माध्यमीय संपर्क से युक्त विकसित करने की परिकल्पना की गई है। इस योजना में रायपुर का नाम प्रस्तावित किया गया, जबकि बिलासपुर जोनल मुख्यालय के साथ उत्तर एवं मध्य छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा रेल केन्द्र व छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा संभाग व महत्वपूर्ण शहर है। यहां उच्च न्यायालय, एसईसीएल मुख्यालय, एनटीपीसी सीपत, केन्द्रीय विश्वविद्यालय, पर्यटन स्थल आदि हैं, जिसके बाद भी बिलासपुर का नाम प्रस्तावित नहीं किया। बिलासपुर जंक्शन को कोचिंग टर्मिनल कैपिसिटी एक्सपेंशन प्लान 2030 और मेगा टर्मिनल डेवलपमेट प्लान में शामिल किया जाए।

प्रतिभागियों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी दिया गया

सीवीआरयू में 370 लोगों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

बिलासपुर। स्वस्थ शरीर और स्वस्थ जीवन की भावना को साकार करते हुए डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय में एक दिवसीय विशाल स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विश्वविद्यालय के अधिकारियों, प्राध्यापकों, कर्मचारियों, सहयोगी स्टाफ तथा अन्य सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

शिविर का उद्देश्य सभी को नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक करना तथा समय रहते संभावित बीमारियों की पहचान कर बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रेरित करना था। साईं बाबा अस्पताल के संचालक एवं डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अविजित रायजादा तथा उनकी अनुभवी चिकित्सा टीम ने पूरे दिन स्वास्थ्य परीक्षण कर लगभग 370 लोगों की जांच की। शिविर में आधुनिक चिकित्सा उपकरणों के माध्यम से शुगर, रक्तचाप, हृदय संबंधी समस्याओं, किडनी एवं लीवर की कार्यक्षमता सहित कई आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। जांच के दौरान प्रतिभागियों को उनकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुरूप आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी दिया गया।

चिकित्सा दल ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की दी जानकारी

शिविर के दौरान प्रतिभागियों ने स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न समस्याओं पर विशेषज्ञों से व्यक्तिगत परामर्श भी प्राप्त किया। चिकित्सा दल ने सभी को आवश्यक सावधानियों, रोगों की रोकथाम और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की जानकारी दी। स्वास्थ्य परीक्षण कराने वाले विश्वविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों और प्राध्यापकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी बताया।

समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराना आवश्यक : डा. रायजादा

डॉ. रायजादा ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली, अनियमित खान-पान, शारीरिक गतिविधियों की कमी और बढ़ते मानसिक तनाव के कारण मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग तथा अन्य गंभीर बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराना अत्यंत आवश्यक है, ताकि किसी भी बीमारी का प्रारंभिक अवस्था में ही पता लगाकर उसका प्रभावी उपचार किया जा सके। उन्होंने धूम्रपान, तंबाकू एवं अन्य नशे के सेवन से दूर रहने की सलाह देते हुए कहा कि ये आदतें कई गंभीर और जानलेवा बीमारियों का प्रमुख कारण बनती हैं। उन्होंने सभी से संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने, नियमित योग एवं व्यायाम करने, पर्याप्त नींद लेने, मानसिक तनाव से दूर रहने तथा सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि छोटी-छोटी अच्छी आदतें व्यक्ति को लंबे समय तक स्वस्थ और ऊर्जावान बनाए रख सकती हैं।

एजुकेशन प्लस

बीपीएस मिशन कैंपस में पदभार ग्रहण समारोह का आयोजन

बिलासपुर। ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, मिशन कैंपस ने अपना पदभार ग्रहण समारोह 2026-27 बड़े गर्व और धूमधाम से मनाया। जिससे नई विद्यार्थी परिषद की नेतृत्व यात्रा का औपचारिक शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल ग्रुप के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल एवं विद्यालय प्रबंधन ने नव-निर्वाचित परिषद के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी। व नव-निर्वाचित परिषद में प्रधान छात्र सार्थक अग्रवाल, प्रधान छात्रा अनोखी शुक्ला, उप-प्रधान छात्र आरव तावड़कर, उप-प्रधान छात्रा श्रीनिका साहू, सह-पाठ्यक्रम गतिविधि प्रमुख स्वास्तिका वर्मा, सह-पाठ्यक्रम गतिविधि उप-प्रमुख शुभी तिवारी, क्रीड़ा प्रमुख प्रणव विश्वकर्मा एवं कृष्णा मलघानी, अनुशासन प्रमुख आदित्य राज सिंह एवं हर्षिता शर्मा, परिसर प्रमुख अर्चित अग्रवाल, परिसर उप-प्रमुख आराध्या गुप्ता, अशोका सदन प्रमुख काव्या पांडे एवं उप-प्रमुख आराध्या बाजपेयी, झांसी सदन प्रमुख अभिनव गुप्ता एवं उप-प्रमुख जतिन देवांगन, राणा सदन प्रमुख तनु देवांगन एवं उप-प्रमुख वंशिका भगवानी तथा विक्रमा सदन प्रमुख अक्षत मौर्य एवं उप-प्रमुख निशिका यादव शामिल रहे। शपथ ग्रहण समारोह में विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने अपने दायित्वों का निर्वहन करने की शपथ ली।

शांतिनिकेतन महाविद्यालय में प्रवेश प्रारंभ

बिलासपुर। शांतिनिकेतन महाविद्यालय पंजाबी कॉलोनी दयालबंद नए शिक्षा सत्र के लिए विविध पाठयक्रमों में प्रवेश प्रारंभ है। महाविद्यालय के संचालक ने बताया कि नए शिक्षा सत्र के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठयक्रम में प्रवेश लेकर छात्र अपना भविष्य संवार सकते हैं। स्नातक पाठ्यक्रम एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के लिए बीएससी गणित समूह गणित, कम्प्यूटर साइंस, भौतिक, आईटीआई, इलेक्ट्रानिक्स में 25 सीट है। बीएससी बायो में माइक्रोबायोलाजी, बायोटेक्नोलाजी, वनस्पति, प्राणीशास्त्र, रसायन शास्त्र, फारेस्ट्री 35 सीट, बीए एवं बीए के साथ कप्यूटर एप्लीकेशन - इतिहास, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र राजनीति विज्ञान में 60 सीट है। बीबीए में 30 सीट, बी काम एवं बी काम के साथ कम्प्यूटर एप्लीकेशन 60 सीट, बीसीए 60 सीट, स्नातकोत्तर पीजी कोर्स में एमएससी रसायन शास्त्र, भौतिक शास्त्र, वनस्पति विज्ञान, माइक्रोबायोलाजी 20-20 सीट, डिप्लोमा एक वर्षीय कम्प्यूटर पाठयक्रम पीजीडीसीए 40 व डीसीए 60 सीट है। नवीन सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए फीस में विशेष छूट है।

एरीना एनीमेशन में बी वोक डिग्री पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रारंभ

बिलासपुर। एरीना एनीमेशन में बी वोक डिग्री पाठयक्रम में प्रवेश प्रारंभ है। इसके डायरेक्टर ने बताया कि एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स (एवीजीसी) इंडस्ट्री आज देश के सबसे अधिक संभावनाओं वाले रोजगार क्षेत्रों में शामिल हो चुकी है।

डिजिटल इंडिया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ओटीटी प्लेटफॉर्म, गेमिंग, सोशल मीडिया, डिजिटल मार्केटिंग और वैश्विक कंटेंट की बढ़ती मांग ने इस उद्योग को अभूतपूर्व गति प्रदान की है। एरीना एनीमेशन बिलासपुर द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बी.वोक (बैचलर ऑफ वोकेशन) इन एनीमेशन डिग्री पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रारंभ कर दिए गए हैं। इस वर्ष केवल 20 सीटों पर ही प्रवेश दिया जाएगा। संस्थान प्रबंधन ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अपील की है कि वे सीमित सीटों को ध्यान में रखते हुए शीघ्र प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करें और भविष्य की सबसे तेजी से विकसित हो रही क्रिएटिव टेक्नोलॉजी इंडस्ट्री का हिस्सा बनने का अवसर प्राप्त करें।

महाराजा श्री अजमीढ़ देव महाराज चौक निर्माण की मांग को लेकर सभापति को ज्ञापन

बिलासपुर। स्वजातीय स्वर्णकार समाज विकास समिति, छत्तीसगढ़–मध्यप्रदेश के युवा प्रांतीय मंडल द्वारा प्रदेश युवा अध्यक्ष राहुल सराफ के नेतृत्व में नगर निगम सभापति विनोद सोनी को महाराजा श्री अजमेद देव जी महाराज के नाम से चौक निर्माण एवं उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

इस अवसर पर प्रदेश युवा अध्यक्ष राहुल सराफ ने कहा कि महाराजा श्री अजमेद देव जी महाराज स्वर्णकार समाज के आराध्य देव हैं। उनके नाम पर नगर में एक भव्य चौक का निर्माण समाज की लंबे समय से चली आ रही मांग है, जिससे समाज की आस्था एवं सांस्कृतिक पहचान को सम्मान मिलेगा।

ज्ञापन के दौरान सभापति विनोद सोनी ने समाज की मांग पर सकारात्मक विचार कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विभव सराफ, आशीष सोनी, पवन सोनी, रवि सोनी, धीरज सोनी, सिप्पू सोनी, अमन सोनी एवं संस्कार सोनी आदि उपस्थित थे।

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, गुरुवार 9 जुलाई 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255

औषधीय काढ़े से सुधर रहा प्रभु का स्वास्थ्य

पूर्णिमा के दिन 108 कलश की पानी से स्नान बाद बीमार हैं भगवान

रेल्वे परिक्षेत्र स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में रथयात्रा की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है। पूर्णिमा के दिन 108 कलश की पानी से स्नान के बाद महाप्रभु के बीमार हो जाने से मंदिर के पुजारी द्वारा उन्हें निरंतर औषधि काढ़ा दिया जा रहा है। इससे महाप्रभु के स्वास्थ्य में सुधार होते जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जगन्नाथ रथयात्रा उत्कल समाज का एक प्रमुख त्यौहार है। इसे हर साल भव्य रूप से मनाने व्यापक स्तर पर तैयारी की जाती है। इसी क्रम में इस साल भी रथयात्रा को लेकर समाज के लोग उत्साहित है और भगवान के स्वस्थ होने का इंतजार कर रहे हैं। मंदिर के पुजारी पं. गोविंद पाणिग्रही ने बताया कि महाप्रभु को भोग नहीं लगा कर सौंफ, अदरक, तुलसी व पीपर से तैयार काढ़ा दिया जा रहा है। मालिश के साथ ही नियमित पूजा के माध्यम से उनकी सेवा की जा रही है। इससे महाप्रभु के स्वास्थ्य में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। 14 जुलाई तक उनके स्वास्थ्य में पूरी तरह से सुधार हो जाएगा। इसी दिन मंदिर का पट खुलेगा और नेत्रोत्सव मनाया जाएगा। इस दिन लोग महाप्रभु का पहला दर्शन पाने सुबह से मंदिर पहुंचने लगेंगे। वहीं मंदिर में सुबह के 5 बजे मंगल आरती की जाएगी। मंदिर के झण्डे बदले जाएंगे। रथयात्रा को सफल बनाने श्री जगन्नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष बीरबल प्रधान सहित अन्य सभी सदस्य जुटे हैं।

बाहर से की जा रही प्रार्थना

मंदिर का पट बंद होने के बाद भी श्रद्धालु भक्त हर दिन मंदिर पहुंच रहे हैं और बाहर से ही महाप्रभु की प्रार्थना कर उनके स्वस्थ होने का इंतजार कर रहे हैं। पट खुलने के बाद 16 जुलाई को बाजे-गाजे व कीर्तन के साथ रथयात्रा निकाली जाएगी जो कि मंदिर से शुरू होकर स्टेशन मार्ग रेल्वे, तारबाहर, गांधी चौक, तोरवा होते हुए मौसी मां मंदिर जाकर समाप्त होगी। रथयात्रा के दिन छेरापहरा की रस्म पीएनपी एसईसीएल के निदेशक रमेशचंद्र महापात्रो पूरी करेंगे।

रथ सजाने ओडिशा से मंगाए गए हैं कपड़े

रथयात्रा के लिए रथ बनाने का काम युद्ध स्तर पर जारी है। इसे आकर्षक रूप देने ओडिशा से कपड़े मंगाए गए हैं। रथयात्रा के दिन इन कपड़ों व फूलों से रथ को सजाया जाएगा। जिसमें सवार होकर महाप्रभु अपने भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ शहर भ्रमण के लिए निकलेंगे। उत्कल समाज के अध्यक्ष केके बेहरा ने बताया कि रथ 17 फीट का रहेगा। इसमें 16 फीट की लंबाई रहेगी। उसमें 50-50 फीट का रस्सा बांधा जाएगा। जिसे खींचने श्रद्धालु भक्तों की होड़ लगी रहेगी।

जागरूकता

रोटरी क्लब क्वीन्स ने किया पौधरोपण

बिलासपुर। रोटरी क्लब क्वीन्स द्वारा न्यू जेल, बैमा नगोई में लगभग 50 एकड़ क्षेत्र में विकसित हो रही नई जेल परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 1 हजार पौधे लगाए गए। यह कार्यक्रम जेल सुपरिंटेंडेंट मंडावी सर, पीडब्ल्यूडी अधिकारियों एवं जेल प्रशासन के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में रोटरी क्लब बिलासपुर क्वीन्स की अध्यक्ष भारती सालुंके, सचिव रिंपी हूरा, कोषाध्यक्ष मंजीत सैनी तथा सदस्य रश्मि पटारिया, रश्मि जैन, अंजू अग्रवाल, मनीषा जैसवाल, शिल्पी चौधरी, स्वाती श्रीवास्तव, अंकिता जैसवाल, संगीता चोपड़ा, श्रद्धा दुबे, गायत्री गुप्ता एवं कविता विश्वकर्मा उपस्थित रहीं।

एडमिशन अलर्ट

अटल विश्वविद्यालय की दूसरी लिस्ट 10 के बाद होगी जारी

बिलासपुर। अटल बिहारी बाजपेयी विश्वद्यालय में व ऑटोनामस कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है, मेरिट आधार पर पहली लिस्ट जारी हो गई है। जिसमें बीएससी,बॉयो,गणित व बीकॉम सब्जेक्ट में अधिक कटऑफ गया है। दूसरे फेज के लिए छात्र ऑनलाइन आवेदन कर रहे है, 10 जुलाई के बाद दूसरी लिस्ट जारी होगी। बतादें की प्रवेश पोर्टल में जिन फ्रेशर छात्र-छात्राओं ने आनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया था, उनकी लिस्ट यूनिवर्सिटी द्वारा संबंधित कालेजों को भेजी गई थी। हर साल की तरह इस बार भी बीएससी बायो, गणित सहित बीकॉम में तो हर साल हायर कटऑफ जाता है, किन्तु बीए में भी पहली लिस्ट में कहीं-कहीं हायर कटऑफ देखने को मिल रहा है। शहर के प्रमुख कालेजों में साइंस, आर्टस और कामर्स तीनों संकायों में 90 प्रतिशत से ऊपर ही कटऑफ रहा है।

आयोजन

स्वास्थ्य शिविर महिलाओं की हिमोग्लोबिन की जांच

बिलासपुर। आयुष्मान आयुर्वेदिक संस्थान पौंसरा में डॉ अपर्णा मिश्रा एवं उनकी टीम के सहयोग से अध्यक्ष संजना मिश्रा की अध्यक्षता में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं की बीपी, शुगर विटामिन एवं हिमोग्लोबिन की जांच की गई। क्लब सदस्यों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं में खान-पान की वजह से विटामिन व हिमोग्लोबिन की कमी एवं बीपी, शुगर की समस्याएं आम होती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण क्षेत्र में वसुंधरा क्लब ने स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इससे सौ महिलाएं लाभान्वित हुईं। वहीं क्लब सचिव मंजू मिश्रा ने पूरे वर्ष वसुंधरा परिवार की ओर से ज्यादा से ज्यादा ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करने स्वयं जिम्मेदारी ली। उन्होंने अपने डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट हंगर सेवा भी की। विनीता मिश्रा के सहयोग से सभी को भोजन के पैकेट वितरित किए गए। इस मौके पर जोन चेयर परसन रश्मि लता मिश्रा, रीजन चेयर परसन अर्चना तिवारी, सुधा परिहार, सलमा बेगम, मंजू तिवारी, उषा मुदलियार एवं सीता तिवारी उपस्थित रहीं। अध्यक्ष पीएमजेएफ संजना मिश्रा, सचिव मंजू मिश्रा, कोषाध्यक्ष गायत्री कश्यप ने डॉ अपर्णा मिश्रा को कार्यक्रम में सहयोग करने उपहार व पुष्प गुच्छ से सम्मान किया।

एजुकेशन

एनआईटी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की होगी स्थापना

बिलासपुर। एनआईटी रायपुर फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप द्वारा संस्थान स्थित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए प्रॉब्लम स्टेटमेंट आमंत्रित किया है। उद्योगों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्टार्टअप्स तथा सरकारी

संस्थाओं को खनन एवं खनिज, इस्पात एवं उद्योग, तथा स्वास्थ्य एवं बहु-विषयक क्षेत्रों में वास्तविक चुनौतियां प्रस्तुत करने आमंत्रित किया गया है। एनआईटी रायपुर फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप, जो एनआईटी रायपुर का टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर है, एनआईटी में एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना कर रहा है। इंडिया एआई मिशन इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार, छत्तीसगढ़ सरकार तथा एनआईटी रायपुर के सहयोग से स्थापित यह केंद्र औद्योगिक, शासकीय एवं सामाजिक चुनौतियों के समाधान के लिए एआई नवाचार, अनुसंधान एवं उद्यमिता को बढ़ावा देगा।

अंतर सदनीय गतिविधियों में माहौल रहा सांस्कृतिकमय

डीपीएस के छात्रों ने बिखेरी छटा

बिलासपुर। दिल्ली पब्लिक स्कूल बिलासपुर में गत दिनों नन्हे-मुन्ने बच्चों का अंतर सदनीय विभिन्न गतिविधियां संपन्न हुई। इसमें प्रतिभागियों ने कला की छटा बिखेरी। इससे पूरा माहौल सांस्कृतिकमय रहा।

ज्ञात हो कि शिक्षा के साथ ही अन्य गतिविधियां कराने से छात्र-छात्राओं में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ती है तथा वे आनंदपूर्वक शिक्षा ग्रहण करते हैं। अंतर सदनीय यह प्रतियोगिता अत्यंत मनोहारी और सफल रहा। नन्हें बच्चों द्वारा बनाई गई आकर्षक कलाकृति ने सबका मन मोह लिया। बचपन कल्पना से भरा होता है, इसे ध्यान में रखते हुए डीपीएस बिलासपुर में कक्षा पहली में अंतर सदनीय अंग्रेजी कहानी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें बच्चों ने शिक्षाप्रद कहानी सुना कर सबका मन मोह लिया। किसी ने परियों तो किसी ने लकड़हारे, प्यासे कौवे की कहानी सुना कर सबको गदगद कर दिया। निर्णायक की भूमिका में जलीस खानम तथा रूबी जैन रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षिकाओं का सहयोग सराहनीय रहा।

न्यूज पेपर से बनाई विविध आकृतियां

कक्षा तीसरी के लिए इंटर हाउस न्यूज पेपर स्ट्रॉ फिगरिन गतिविधि आयोजित की गई। इसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। न्यूज पेपर जिसे आम तौर पर कचरे के डिब्बे में फेंक दिया करते हैं, का उपयोग कर बच्चे स्ट्रॉ से विभिन्न आकृतियां बनाई। इसमें सूरजमुखी का फूल, घर सजाने की वस्तुएं, पेन स्टैंड, फ्लावर पॉट, मिरर आर्ट शामिल रहा।उनकी इस कला की सभी ने सराहना की। बहुत से बच्चों ने न्यूज पेपर को लपेट लपेटकर पतला कर उसे फेविकोल से चिपका कर घर, सिनरी, पेन स्टैंड या सजावटी वस्तुएं बनाया। कक्षा दूसरी तथा तीसरी में जज की भूमिका में दीपा सिंह, ममता राठौर तथा जी. साइई माधवी थीं।

मैराथन से आनंदित हुए बच्चे

कक्षा चौथी व पांचवीं के लिए अंदर सदनीय रूबिक्स कब मैराथन गतिविधि का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। इस गतिविधि से सभी बच्चों को आनंद की अनुभूति हुई। बच्चों ने रूबिक्स कब को जमाने का प्रयास किया। कुछ बच्चों का क्रमशः जम गया। कुछ बच्चे उसे अनुक्रम से नहीं जमा पाए। जिन बच्चों का क्रमशः जम पाया उन बच्चों का तालियां बजा कर उत्साहवर्धन किया गया।

फूल, पत्तों से बनाए कार्ड

कक्षा दूसरी के लिए पॉप अप कार्ड मेकिंग गतिविधि कराई गई। इसमें बच्चों ने विभिन्न प्रकार के रंग-बिरंगे फूल, पत्ते, कागज की सजावटी सामान से बहुत ही सुंदर-सुंदर कार्ड बनाया। किसी ने तिरंगा झंडा, तो किसी ने पर्यावरण, तो किसी ने अपनी कार्टून दुनिया से संबंधित अनेक प्रकार का कार्ड बनाया। जिसे देखकर सब स्तब्ध रह गए क्योंकि बच्चों का कार्ड अपनी मां, दोस्तों या अपनी शिक्षिका के लिए था।

पंजाबी संस्था ने शिक्षा के लिए बढ़ाया मदद का हाथ

छात्रा को स्कूल फीस के लिए आर्थिक सहायता

बिलासपुर। पंजाबी संस्था बिलासपुर ने शिक्षा के लिए मदद का हाथ बढ़ाया है। इनके द्वारा एक जरूरतमंद छात्रा को उसकी स्कूल फीस के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

संस्था ने शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय पहल करते हुए जरूरतमंद विद्यार्थियों को आर्थिक सहयोग प्रदान करने का सिलसिला निरंतर जारी रखा है। इसी कड़ी में संस्था ने अपने मासिक बैठक के दौरान छात्रा एवं उसके परिजनों की उपस्थिति में 18,110 रुपए की स्कूल फीस का चेक संबंधित विद्यालय के नाम प्रदान किया था। इससे पूर्व भी संस्था ने पिछले माह एक अन्य मेधावी छात्रा की उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहयोग दिया था। वहीं गत शैक्षणिक वर्ष में संस्था द्वारा तीन विद्यार्थियों को 40 हजार रुपए से अधिक की सहायता प्रदान की जा चुकी है। संस्था के अध्यक्ष अशोक ऋषि ने बताया कि छात्रा की माता ने अपनी पुत्री के आगामी कक्षा में प्रवेश एवं फीस भुगतान हेतु सहायता की अपील की थी। छात्रा मेघा ने सेंट जोसेफ अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बिलासपुर से कक्षा 10वीं की परीक्षा 72 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की है, किंतु आर्थिक अभाव के कारण उसका परिवार आगे की पढ़ाई जारी रखने में असमर्थ था। इस पर संस्था ने बैठक में छात्रा की एडमिशन फीस एवं आगामी छह माह की मासिक फीस वहन करने का निर्णय लिया। अध्यक्ष श्री ऋषि ने कहा कि "बच्चे देश का भविष्य हैं और उनकी शिक्षा में सहयोग करना समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी है। पंजाबी संस्था का उद्देश्य जरूरतमंद विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक सहज पहुंच सुनिश्चित करना है।"

सामाजिक गतिविधियों पर की गई चर्चा

बैठक में संस्था द्वारा आगामी सामाजिक गतिविधियों पर भी चर्चा की गई। मानसून के आगमन के साथ बड़े स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। सदस्यता वृद्धि अभियान, विभिन्न धार्मिक, सामाजिक एवं पारंपरिक कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार की गई। संस्था के सक्रिय सदस्य गौरव ऐरी को उनके सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर महासचिव जगदीश दुआ, राजकुमार कोहली, अनुज त्रिहान, अतुल तनेजा, राजेश दुआ एवं नितिन भसीन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

स्पोटर्स न्यूज

एसएसपी ने हॉकी खिलाड़ियों को किया किट वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस विभाग द्वारा नगर हॉकी संघ के खिलाड़ियों को हॉकी किट का वितरण पुलिस ग्राउंड में किया गया।

इस वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एसएसपी रजनेश सिंह, विशिष्ट अतिथि एडिशनल एसपी रामगोपाल करियारे, आरआई भूपेंद्र कुमार गुप्ता की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। अपने उद्बबोधन में मुख्य अतिथि रजनेश सिंह ने नर्सरी के बच्चों को अच्छे से पढ़ने और अच्छे से खेलने की बात कही, उन्होंने कहा कि खिलाड़ी एक दिन में तैयार नही होता है आपको धीरे-धीरे लगातार मेहनत करते हुए अपने मंजिल तक पहुँचना है। लगभग 25 बच्चों को पुलिस विभाग की

तरफ से हॉकी,मोजा, टी शर्ट, हाफ पैंट और गोलकीपर का पूरा किट प्रदान किया गया। नगर हॉकी संघ के अध्यक्ष उस्मान खान ने बताया कि बच्चे लगातार पुलिस ग्राउंड में मेहनत कर रहे हैं,हॉकी कीट की कमी थी एसएसपी ने 25 बच्चों को हॉकी किट मिल गयी। कार्यक्रम का संचालन राकेश शर्मा ने किया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से वरिष्ठ खिलाड़ी मधुप टण्डन, सैयद किफ़ायत उल्ला,पूर्णिमा पिल्ले, सैयद मुश्ताकुद्दीन, सैय्यद इस्तीफाक अली, प्रकाश ओझा, रफीक खान, इकबाल कादिर, सुलतानुद्दीन, राहुल रजक, वसी उल्ला, सुभाष ,जुबेर, राजेश बंजारे,सागर हुमने आदि उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

बोदरी में 18 को मनेगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव

बोदरी। नगर पालिका बोदरी में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन 18 जुलाई शनिवार को शाम 4 बजे नगर पालिका बोदरी स्थित एयरपोर्ट–रेलवे स्टेशन रोड पर उत्तर इन मांगलिक भवन में किया जाएगा। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आषाढ़ मास के पावन अवसर पर बिलासपुर जिले के नगर पालिका बोदरी में गुरुपूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

निधन

संजय सराफ

बिलासपुर। बालाजी ज्वेलर्स सदर बाजार निवासी संजय सराफ का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 9 जुलाई को सुबह 9 बजे उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्वर्गीय शंकर लाल सराफ के सुपुत्र एवं अजय सराफ के भाई और रश्मि सराफ के पति थे।

संतोष देवी जाजोदिया

बिलासपुर। श्री जी टावर मध्यनगरीय चौक निवासी संतोष देवी जाजोदिया का 8 जुलाई को निधन हो गया। वे 90 वर्ष की थीं। उनकी अंतिम यात्रा 9 जुलाई को सुबह 11.30 बजे उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी। वे स्व. कृपा शंकर जाजोदिया की धर्मपत्नी और स्व. रमन, स्व. बसंत व गोविंद जाजोदिया की मां और सीए अंशुमन जाजोदिया की दादी थीं।

अशोक कुमार श्रीवास्तव

बिलासपुर। रोहिणी विहार अज्ञेय नगर निवासी अशोक कुमार श्रीवास्तव का 7 जुलाई को दोपहर निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार 9 जुलाई को दोपहर 1.30 बजे भारतीय नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व. कौशल किशोर श्रीवास्तव के पुत्र, वंदना श्रीवास्तव के पति, आशुतोष श्रीवास्तव व अनुश्री श्रीवास्तव के पिता थे।

गोदावरी श्रीवास

बिलासपुर। ग्राम लाखासर के प्रतिष्ठित नागरिक स्व. अर्जुन श्रीवास की धर्मपत्नी श्रीमती गोदावरी श्रीवास का 7 जुलाई को 72 वर्ष की आयु में निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार दोपहर 1 बजे लाखासर स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. बबला श्रीवास, पुरुषोत्तम श्रीवास छोटू की मां थीं।

प्रेस क्लब ने किया आंदोलन का शंखनाद

आठ साल से अधर में पेंड्रा बायपास शहर में बढ़ा यातायात का दबाव

सीएम साय से मुलाकात कर सौंपा जाएगा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला

गौरेला-पेंड्रा बायपास निर्माण में लगातार हो रही देरी और शासन-प्रशासन की उदासीनता के खिलाफ अब जिला प्रेस क्लब गौरेला-पेंड्रा-मरवाही ने जनहित में निर्णायक पहल करने का फैसला किया है।

गौरेला में आयोजित प्रेस क्लब की आवश्यक बैठक में पत्रकारों ने बायपास निर्माण को लेकर सरकार की उपेक्षापूर्ण कार्यशैली और जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि इस मुद्दे को अब पूरी मजबूती के साथ अपनी कलम के माध्यम से उठाया जाएगा। साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से शीघ्र मुलाकात कर बायपास निर्माण के लिए तत्काल बजट आवंटित करने की मांग तथा स्थानीय प्रशासन के माध्यम से केंद्र सरकार तक जनभावनाएं पहुंचाने के लिए ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिला प्रेस क्लब उपाध्यक्ष सत्यनारायण पांडेय ने कहा कि इस परियोजना के लिए 286 किसानों की भूमि अधिग्रहित की गई, लेकिन अधिकांश प्रभावित किसानों को आज तक पूर्ण मुआवजा नहीं मिल पाया है। निर्माण कार्य शुरू न होने के कारण किसान अपनी भूमि पर न तो खेती कर पा रहे हैं और न ही उसका विक्रय कर सकते हैं।

बैठक में उपस्थित प्रेस क्लब के सदस्य।

कई किसान बैंक ऋण के बोझ तले दब चुके हैं और उनके सामने वसूली की नौबत आ गई है। कोषाध्यक्ष ज्ञान शर्मा ने बताया कि बायपास नहीं बनने के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग-130 का पूरा भारी यातायात शहर के भीतर से होकर गुजर रहा है।

स्कूल, कॉलेज, अस्पताल और घनी आबादी वाले बाजारों के बीच दिन-रात ट्रक और हाइवा दौड़ने से दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है तथा आम नागरिक भय के साये में जीवन जीने को मजबूर हैं। संयुक्त सचिव अजीत गहलोत ने कहा कि बायपास निर्माण में हो रही देरी के कारण लगातार सड़क दुर्घटनाओं में निर्दोष लोगों की जान जा रही है, लेकिन विगत आठ वर्षों में इस गंभीर मुद्दे को न तो अपेक्षित प्रभाव के साथ विधानसभा में उठाया गया और न ही परियोजना को गति मिल सकी। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े इस विषय पर अब प्रेस क्लब के पत्रकार अपनी कलम के माध्यम से जनआंदोलन का स्वर बुलंद करेंगे, ताकि सरकार शीघ्र इस बहुप्रतीक्षित परियोजना को शुरू करने के लिए बाध्य हो। बैठक में मुरारी रैदास, अमित तिवारी, उमेश अग्रवाल, संतोष शर्मा, गौरव जैन, तापस शर्मा, सुहैल आलम, वीरेंद्र पांडेय, तनवीर आलम, प्रयास कैवर्त, सूरज यादव, राकेश राजपूत सहित बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।

योजना फाइलों में कैद

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष असद सिद्दीकी ने कहा कि 24 सितंबर 2018 को तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा 13 किलोमीटर लंबे पेंड्रा बायपास का शिलान्यास किया गया था, लेकिन आठ वर्ष बीत जाने के बाद भी परियोजना धरातल पर नहीं उतर सकी है। करोड़ों रुपये की यह महत्वाकांक्षी योजना आज भी सरकारी फाइलों में कैद है, जबकि पेंड्रा शहर की संकरी सड़कों पर भारी वाहनों का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है और आम नागरिकों की सुरक्षा खतरे में बनी हुई है।

करोड़ों का अतिरिक्त बोझ

जिला प्रेस क्लब सचिव योगेंद्र नहरेल ने बताया कि वर्ष 2018 में लगभग 54.25 करोड़ रुपये की स्वीकृत इस परियोजना की लागत बढ़कर अब लगभग 105 करोड़ रुपये तक पहुंच चुकी है। भूमि अधिग्रहण के लिए प्रारंभिक रूप से 10.58 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था, जिसमें लगभग 5 करोड़ रुपये मुआवजा वितरित किया जा चुका है। वहीं संशोधित प्रस्ताव में भूमि अधिग्रहण की लागत बढ़कर 54.71 करोड़ रुपए हो गई है। आठ वर्षों की देरी ने सरकारी खजाने पर करोड़ों रुपये का अतिरिक्त बोझ डाल दिया, लेकिन निर्माण कार्य आज भी प्रारंभ नहीं हो सका है।

बारिश से खिले किसानों के चेहरे, मनियारी में आया पानी

तखतपुर। क्षेत्र में हो रही झमाझम बारिश से मनियारी एनीकट में भी पानी आ गया है जिसके कारण लोगों ने राहत की सांस ली है। क्षेत्र में पिछले दो दिनों से हो रही बारिश से क्षेत्र जलमग्न हो गया है। जिस आषाढ़ के पानी का इंतजार किसानों को था वह बारिश इन दिनों हो रही है। बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए है वहीं किसानी कार्य में गति आ गई है। किसान धान की रोपाई, लेई और थरहा लगाने का काम तेज गति से कर रहे है। वहीं बारिश से पूर्व एनीकट सूखा पड़ा था, नदी में भी पानी नहीं था जिसके कारण आम लोगों के साथ साथ मवेशियों के लिए भी समस्या हो रही थी। बारिश होने से अब एनीकट में भी पानी आ गया और नदी में भी धार बहने लगी है। जिससे निस्तारी की एक बड़ी समस्या हल हो गई है।

कार्यकर्ता सहायिका की नई कार्यकारिणी का गठन

तखतपुर। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ परियोजना की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। संगठन की बैठक में सर्वसम्मति से सुचिता शर्मा को अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष बनने के बाद सुचिता शर्मा ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए पदाधिकारियों की नियुक्ति की। इस अवसर पर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं कम मानदेय में भी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा रही हैं। संगठन में परियोजना अधिकारी संरक्षक तथा संयोजक दिलीप तोलानी को बनाया गया। नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष सुचिता शर्मा , उपाध्यक्ष सोनिया बाला जहानी, ऊषा कौशिक, ममता साहू, सह सचिव अंजू त्रिवेदी ,कोषाध्यक्ष सुनीता यादव, सुनीता साहू, प्रवक्ता सीमा यादव ,सेक्टर प्रभारी संगीता जायसवाल, संतोषी ध्रुव, हेमलता, रुक्मणी कश्यप, रोशनी भास्कर, लीला मरावी एवं अल्पना जॉन को नियुक्त किया गया है।

नगर के लोगों को नहीं मिल रही मूलभूत सुविधाएं

पानी, बिजली एवं सड़क की समस्या पर भड़के लोग, नगर पंचायत का किया घेराव

मल्हार। वार्ड नंबर 2 सिद्धनगर के निवासियों ने अपने मोहल्ले में पानी, बिजली एवं सड़क की समस्याओं को लेकर बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय का घेराव किया। वार्ड नंबर 2 के पार्षद प्रमोद थवाईत, वार्ड नंबर 3 के पार्षद मीलूराम केवट एवं युवा उमाशंकर श्रीवास के नेतृत्व में 100 से ज्यादा नागरिकों शामिल थे।

मल्हार नगर का सबसे बड़ा तालाब बरबांधा 42 एकड़ है जिसके उत्तर एवं पूर्व दिशा में वार्ड नंबर 2 का विस्तार है। 3 वर्ष पूर्व इस मार्ग में सीसी रोड बनाने को लेकर टेंडर हुआ था परंतु ठेकेदार की लापरवाही के कारण नहीं बना। लोग भारी कीचड़,अंधेरे और तालाब की बदबू के बीच रहने को मजबूर हैं। तालाब के पूर्व दिशा में 300 मीटर तक बस्ती की लंबाई है जिसमें स्ट्रीट लाइट भी नहीं है। इतने बड़े तालाब के होते हुए सफाई के अभाव में वार्ड के लोग गंदे पानी से नहाने को मजबूर हैं। पेयजल की आपूर्ति हेतु

हैंड पंप नहीं होने के कारण नगरवासियों को आधा किलोमीटर दूर पानी भरने जाना पड़ता है। इस वार्ड के लोग रोजी मजदूरी एवं खेती कर जीवकोपार्जन करते हैं। पार्षद मिलुराम कैवर्त ने बताया कि सीएमओ के नही मिलने की वजह से आज गुरुवार को पुनः घेराव किया जाएगा जिसमे 200 सौ ज्यादा नागरिक शामिल होंगे। वार्ड पार्षद प्रमोद थवाईत ने बताया कि उनके हिस्से का पार्षद निधि सुरक्षित है जिसे हैंडपंप लगवाने हेतु एवं कीचड़ युक्त मार्ग में मुरूम या बजरी डालकर लोगों को कीचड़ से मुक्ति दिलाई जा सकती है परंतु इसके लिए कोई पहल नहीं की जा रही है। छोटे-छोटे पंचायत में भी शासन मूलभूत आवश्यकताओं के लिए राशि देती है परंतु मल्हार नगर पंचायत में सुविधाएं लोगों को नसीब नहीं हो रही है। घेराव करने आई महिलाएं बृहस्पति बाई, राजकुमारी, बिशन चांदनी एवं राजमती ने बताया कि वह कैसे कीचड़ में चलती है अंधेरे में रहती है सांप बिच्छू का डर लगा रहता है तालाब के बदबूदार गंदा पानी में नहाती है एवं पीने का पानी हेतु दूर-दूर तक जाती है, उनका मोहल्ला छोटे-छोटे गांव से भी बदतर स्थिति में है यह बहुत ही दुःखद है। दो माह पूर्व लगे सुशासन तिहार में भी इन महिलाओं ने सीएमओ से निवेदन किया था कि वह वार्ड नंबर 2 जाकर समस्याओं का प्रत्यक्ष निरीक्षण करें।

फिर से बुलाया गया

जब वार्डवासी अपनी शिकायत व मांग लेकर आए उससे आधे घण्टे पहले मस्तूरी एसडीएम से मिलने निकल गया था। नवनियुक्त एल्डरमैन के शपथ ग्रहण के बारे में चर्चा थी, इसलिए वार्ड के नागरिकों को गुरुवार को फिर से बुलवाया गया है। लोगो की मांगों को पूरा करने मौके का निरीक्षण भी करूंगा। नगर के नागरिकों की मूलभूत जरूरत पूरा करने हम प्रतिबद्ध हैं।

-अनुभव सिंह,
सीएमओ, नगर पंचायत

शिक्षा का स्तर सुधारने शिक्षक साहू ने किया जागरूक

आकाशवाणी से गूंजा सरकारी स्कूलों का नवाचार

बिल्हा । शासकीय स्कूलों की गुणवत्ता, नवाचार और शासन की कल्याणकारी योजनाओं पर केंद्रित एक विशेष वार्ता का प्रसार भारती के आकाशवाणी केंद्र बिलासपुर से 6 जुलाई को प्रसारण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जनपद प्राथमिक शाला बिल्हा के सहायक शिक्षक कलेश्वर साहू ने अपने उद्बोधन में सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर को सुधारने और दी जा रही आधुनिक सुविधाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिए जागरूक किया।

वार्ता का मुख्य उद्देश्य पालकों के मन में शासकीय विद्यालयों के प्रति विश्वास जगाना और उन्हें अपने बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूलों में कराने के लिए प्रेरित करना था, ताकि विद्यालयों में दर्ज संख्या में गुणात्मक वृद्धि हो सके।

शिक्षक कलेश्वर साहू ने शासन द्वारा संचालित विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं को विस्तार से रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि आज के दौर में सरकारी स्कूल किसी भी अन्य संस्थान से कम नहीं हैं, जहां

बच्चों को न केवल निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है, बल्कि उनके सर्वांगीण विकास के लिए कई तरह के अभिनव प्रयोग भी किए जा रहे हैं। इस विशेष प्रसारण को और अधिक प्रभावी और जन-आकर्षक बनाने के लिए शिक्षक कलेश्वर साहू और उनकी टीम द्वारा तैयार किए गए छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों पर आधारित सुप्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी गीत 'चल पढ़ें ल जाबो जी' का भी प्रसारण किया। इस सुमधुर और प्रेरणादायक गीत ने श्रोताओं को खूब आकर्षित किया और शिक्षा के प्रति जागरूकता का एक सकारात्मक संदेश समाज में प्रसारित किया। आकाशवाणी बिलासपुर के माध्यम से किया गया यह अनूठा प्रयास शासकीय विद्यालयों में छात्र संख्या बढ़ाने, पालकों को जागरूक करने और शिक्षा के अधिकार को धरातल पर मजबूत करने की दिशा में एक बेहद सराहनीय कदम माना जा रहा है।

शिविर में 100 से अधिक मरीजों ने कराया परीक्षण

पेंड्रा। आरोग्य भारती एवं कृष्णा मेडिकोज के संयुक्त तत्वावधान में झंडू कंपनी के सहयोग से मंगलवार को कोटमीकला स्थित कृष्णा मेडिकोज में निःशुल्क आयुर्वेदिक हड्डी जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 100 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर विशेषज्ञों से परामर्श लिया। शिविर में आयुर्वेद एवं पंचकर्म विशेषज्ञ डॉ. मृत्युंजय शर्मा ने मरीजों की नाड़ी परीक्षण के साथ बीएमडी मशीन से हड्डियों की जांच की तथा गर्दन दर्द, कमर दर्द, गठिया, सर्वाइकल, साइटिका एवं अन्य हड्डी व मांसपेशियों से जुड़ी समस्याओं के लिए निःशुल्क परामर्श एवं उपचार संबंधी जानकारी दी। डॉ. शर्मा ने बताया कि बदलती जीवनशैली, कैल्शियम की कमी, असंतुलित खानपान और शारीरिक श्रम में कमी के कारण कम उम्र में ही लोगों की हड्डियां कमजोर हो रही हैं। उन्होंने नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और आयुर्वेदिक जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। शिविर में पहुंचे लोगों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि महंगी जांच और उपचार के बीच इस तरह के निःशुल्क शिविर आम लोगों के लिए काफी लाभदायक हैं। इस अवसर पर कृष्णा तिवारी, मनीष कौशिक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

राम सदन में रक्तदान शिविर कल

तखतपुर। सर्व मानव जागृति सेवा समिति द्वारा 10 जुलाई को प्रातः 10 बजे से राम सदन सांस्कृतिक भवन में विधायक धर्मजीत सिंह के मुख्य आतिथ्य में रक्तदान एवं यातायात जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 20251125050014
अ-27/2024-25
ग्राम मोहभट्ठा प.ह.नं. 26

// नोटिस //

प्रति,
1. नीलिमा ठाकुर पिता गजेन्द्र सिंह ठाकुर
2. कालिंद्री ठाकुर पिता गजेन्द्र सिंह ठाकुर
3. प्रीति ठाकुर पिता गजेन्द्र सिंह ठाकुर सभी निवासी ग्राम मोहभट्ठा तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ0ग0)

आपको एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी संदीप सिंह ठाकुर पिता गजेन्द्र सिंह ठाकुर निवासी ग्राम मोहभट्ठा तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ0ग0) द्वारा न्यायालय पथरिया रा0प्र0क्र0 तहसीलदार 20241225090009/अ-27/2025-26 ग्राम मोहभट्ठा पक्षकार नीलिमा ठाकुर वगैरह विरुद्ध संदीप सिंह ठाकुर में पारित आदेश दिनांक 16/06/2025 से क्षुब्ध होकर छ0ग0भू0रा0 संहिता 1959 की धारा 44 (1) के तहत अपील मय शपथ पत्र एवं अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित आदेश की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई तिथि 17/07/2026 को प्रातः 11 बजे नियत है। अतः आप प्रकरण की सुनवाई तिथि एवं नियत समय पर मेरे न्यायालय में उपस्थित होवे। नियत तिथि में उपस्थित नहीं होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 30/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से नोटिस जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)

न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)

-:: ईश्तहार ::-

रा0प्र0क्र0/ अ-6/2025-26
पक्षकार वैभव सोमावार पिता विजय कुमार सोमावार
.........आवेदक

बनाम

डा. संकल्प जयप्रकाश राव पिता जय प्रकाश राव
...........अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक वैभव सोमावार पिता विजय कुमार सोमावार निवासी मुख्य मार्ग तिलकनगर बिलासपुर छ.ग. ने स्वयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला चांटापारा शीट नं. 12 प्लाट नं. 105/21 रकबा 349 व.फु. भूमि स्थित है। उक्त भूमि नजूल अभिलेख मे अनावेदक डा. संकल्प जयप्रकाश राव पिता जय प्रकाश राव के नाम पर दर्ज है। आवेदक के व्दारा उक्त भूमि को अनावेदक से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 25.06.2026 के माध्यम से क्रय कर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 109,110 छ.भू.रा.सं. 1959 वास्ते आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनॉक 24/7/2026 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति / दावा विचारणीय नही होगा।

आज दिनांक 8/7/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया ।

नजूल अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार उपतहसील सकर्रा, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

ग्राम खरकेना तहसील सकरी

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम खरकेना तहसील सकरी, जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक उदेराम साहू पिता रामदियाल साहू निवासी खरकेना तहसील सकरी, जिला बिलासपुर के द्वारा अपने माता शुभा बाई साहू पति स्व. रामदियाल साहू की मृत्यु स्थान खरकेना दिनांक 21.8.25 का पंजीयन हेतु रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु, ग्राम पंचायत खरकेना को छ.ग. जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1969 एवं छ.ग. जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम, 2001 के नियम 9(3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथ पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 24/7/26 तक अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 7/7/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार, उप तहसील सकर्रा
तहसील सकरी

श्रीमान समक्ष सिविल नोटरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

शपथ पत्र

मैं ईरम सिद्दीकी उम्र 29 वर्ष पति मोहम्मद तारिक सिद्दीकी निवासी वार्ड न. 14, सुभम विहार सन सिटी मंगला बिलासपुर (न.नि.) जिला बिलासपुर छ.ग. की हूँ। जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ। 1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ। 2. यह कि मेरे पैन कार्ड न. BSJPN5149K में मेरा नाम EARAM NAJ पिता का नाम IDRISH AHMED दर्ज है जो की विवाह के पूर्व का नाम है। 3. यह कि मैंने अपने पैन कार्ड संसोधन के लिए आवेदन किया हूँ जिसका आवेदन संख्या U-Q024921932 है जिसमे मेरा नाम EARAM SIDDIQUI पिता IDREES AHMAD दर्ज है जो की सत्य व सही है। 4. यह कि मेरे पैन कार्ड में विवाह के पूर्व दर्ज नाम EARAM NAJ पिता का नाम IDRISH AHMED एवं विवाह के बाद दर्ज नाम EARAM SIDDIQUI पिता IDREES AHMAD दोनों एक ही महिला का नाम है। 5. यह कि यह शपथ पत्र मैं उक्त कथनों के समर्थन में सम्बंधित शाखा को निष्पादित करती हूँ।

शपथकर्ता,ईरम सिद्दीकी

सत्यापन

मैं ईरम सिद्दीकी यह सत्यापित करती हूँ की शपथ पत्र की कंडिका क्रमांक 01 से 05 तक की लिखि गई समस्त बातें मेरे जानकारी में सत्य एवं सही हैं जिसे आज दिनांक 07/07/2026 को स्थान बिलासपुर में हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

शपथकर्ता,ईरम सिद्दीकी

न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र. ./अ-27/2025-26
ग्राम-बिनौरी, तहसील - सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर के रिट याचिका क्र WPC535/26 एवं न्यायालय प्रथम अपर जिला न्यायाधीश बिलासपुर छ.ग. (पीठासीन अधिकारी श्रीमती गीता नेवारे) के व्यवहार वाद क्रमांक 3ए/2011 आदेश दिनांक 28.02.2017 के अनुसार वादी राजकुमार बघेल आत्मज श्री कुन्जीलाल बघेल उम्र 36 वर्ष निवासी पेण्डारी तहसील सकरी का मौजा बिनौरी स्थित भूमि खसरा नंबर 341/4, 344/3 रकबा क्रमशः भूमि पर स्वत्व की घोषणा एवं दखल दिये जाने से रोके जाने हेतु स्थायी निषेधाज्ञा जारी किये जाने के लिए तथा विक्रयशुदा भूमि का विक्रय शून्य घोषित किये जाने आवेदन पेश किया है। वादी राजकुमार बघेल पिता कुन्जीलाल बघेल द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर न्यायालय प्रथम अपर जिला न्यायाधीश बिलासपुर छ0ग0 ने आदेश पारित करते हुए लेख किया है वादी का विक्रयशुदा भूमि को छोड़कर शेष वादभूमि के 1/8 अंश पर स्वत्व घोषित किया जाता है। तथा प्रतिवादी क्रमांक 1 से 5 को वादी के स्वत्व और हिस्से की 1/8 अंश भूमि को अंतरण किये जाने तथा व्यवधान उत्पन्न किये जाने से निषेधित किया जाता है। अतः न्यायालय प्रथम अपर जिला न्यायाधीश बिलासपुर द्वारा पारित आदेश का क्रियान्वयन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 20.07.2016 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 06.07.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार, सकरी

Before the Competent Civil Notary, District Bilaspur (C.G.)

AFFIDAVIT

1, Earam Siddiqui, aged 29 years, Wife of Mohammad Tariq Siddiqui, Resident of Ward No. 14, Shubham Vihar, Sun City Mangla, Bilaspur (M.Corp.), District Bilaspur, Chhattisgarh, do hereby solemnly affirm and state on oath as follows:
1. That I am a permanent resident of the above-mentioned address. 2. That in my PAN Card No. BSJPN5149K, my name is recorded as EARAM NAJ and my father's name is recorded as IDRISH AHMED, which is my name prior to my marriage. 3. That I have applied for correction/update in my PAN card vide Application No. U-Q024921932, in which my name is mentioned as EARAM SIDDIQUI and father's name is mentioned as IDREES AHMAD, which is true and correct. 4. That the name EARAM NAJ Father's Name IDRISH AHMED recorded in my PAN card before marriage, and the name EARAM SIDDIQUI Father's Name IDREES AHMAD recorded after marriage, both belong to one and the same woman (myself). 5. That I am executing this affidavit before the concerned department in support of the above statements.

Deponent
Earam Siddiqui

VERIFICATION

I, Earam Siddiqui, do hereby verify that all the contents mentioned in paragraphs 1 to 5 of this affidavit are true and correct to the best before knowledge and belief. Verified and signed on this day, 08/07/2026, at Bilaspur.

Deponent
Earam Siddiqui

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

सूचना

क्रमांक/Q/ सीमांकन/रा.नि./2024
बिलासपुर दिनांक 07/07/2026

प्रति, 1. आवेदक मेसर्स फार्च्यून इंफ्रा भागीदार सुहेल हक पिता स्व. एम. एम. हक वगैरह आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. हेमंत जायसवाल सा बिलासपुर 3. किशन कश्यप सा बिलासपुर 4.हरीश कुर्रे सा बिलासपुर 5. अली सा. बिलासपुर 6. प्रभा संतोष धुरी सा बिलासपुर 7. सुहेल हक सा बिलासपुर

विषय:- सीमांकन में उपस्थिति बाबत एवं अन्य सभी हिबध्द पक्षकार।

संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार/ तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/ तह./ना.तह./वा. 2026 बिलासपुर, दिनांक 03/7/26

ग्राम चिल्हाटी प.ह.न. 29 रा.नि.मं. मोपका तहसील जिला-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 15004 रकबा 12.7630 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक मेसर्स फार्च्यून इंफ्रा भागीदार सुहेल हक निवासी 27 खोली विष्णु नगर बिलासपुर के द्वारा छ.ग.भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार / तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 15.07.26 को समय 10 से 5 बजे के बीच में किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

राजस्व निरीक्षक, मोपका छ.ग.

न्यायालय नजूल अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)

-:: ईश्तहार ::-

राजस्व प्रकरण क्रमांक-204/अ-20(1)/2024-2025
पक्षकार :- समीना अरसी D/o
एच.डी.शेख...आवेदक

विरूद्ध

छत्तीसगढ़ शासन..........अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका समीना अरसी पिता एच.डी. शेख निवासी राजेन्द्र नगर बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा स्वतः / अधिवक्ता के माध्यम से नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला-राजेन्द्र नगर शीट नंबर 03 प्लाट नंबर 7/1 रकबा 301 वर्गफीट भूमि को स्थायी पट्टे पर आवासीय / व्यवसायिक उपयोग हेतु उसके नाम से स्वीकृत हैं। जिसका पट्टा समाप्ति की तिथि 31/3/24 के लिये आवेदक/आवेदिका अगले 30 वर्षों के लिये उपरोक्त भूमि का नवीनीकरण के लिये आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। आवेदक/आवेदिका की स्थायी पट्टे की लीज नवीनीकरण हेतु प्रस्तावित है ।

अतः इस संबंध में किसी भी व्यक्ति / संस्था को उक्त भूमि के नवीनीकरण किये जाने में कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 27/7/2026 को स्वतः / अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में शाम 5.30 बजे तक उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। इसके पश्चात तिथि / समय में आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा एवं आवेदक/आवेदिका की स्थायी पट्टे पर विचाराधीन भूमि के नवीनीकरण की कार्यवाही कर ली जायेगी। उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति विचारणीय नहीं होगा ।

आज दिनांक 6/7/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स अग्रवाल ट्रेडिंग कंपनी, सी-2, तिफरा इंडस्ट्रियल एरिया, बिलासपुर (छ.ग.) में पहले दो पार्टनर थे-
1. स्व. श्री किशोरीलाल मोदी
2. श्री दीपक मोदी

अब स्व. श्री किशोरीलाल मोदी के निधन के उपरांत उनकी जगह श्री अशोक मोदी को फर्म में नवीन पार्टनर के रूप में सम्मिलित किया गया है।

अतः प्रभावी दिनांक 13.05.1998 से फर्म मेसर्स अग्रवाल ट्रेडिंग कंपनी, सी-2, तिफरा इंडस्ट्रियल एरिया, बिलासपुर (छ.ग.) में निम्नलिखित दो पार्टनर रहेंगे-
1. श्री दीपक मोदी
2. श्री अशोक मोदी

फर्म के ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, बैंक, शासकीय विभागों तथा समस्त संबंधित व्यक्तियों से अनुरोध है कि उपरोक्त परिवर्तन को अपने अभिलेखों में दर्ज करते हुए भविष्य का समस्त पत्राचार एवं व्यावसायिक व्यवहार वर्तमान पार्टनरों के साथ ही करें।

भवदीय
मेसर्स अग्रवाल ट्रेडिंग कंपनी
सी-2, तिफरा इंडस्ट्रियल एरिया
बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

न्यायालय तहसीलदार बिल्हा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

क्रमांक / /क/वा/तह./2026
बिल्हा दिनांक 30.06.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदक भारत पिता पुनउ निवासी ग्राम धौराभांठा द्वारा ग्राम धौराभांठा प0ह0नं0 13 तहसील बिल्हा स्थित भूमि ख0नं0 30 रकबा 0.575 हे0 1.42 एकड़ भूमि अनुविभागीय अधिकारी / उपसंभागीय अधिकारी बिलासपुर के रा0प्र0क्रं0 11/ब/90/6/89-90 आदेश दिनांक 15.03.1994 (छ0ग0) द्वारा शासकीय पट्टे के अंतर्गत कृषि प्रयोजनार्थ आबंटित किया गया था। आबंटन पश्चात 20 वर्ष की अवधि पूर्ण हो चुकी है। छ0ग0 नगरेत्तर क्षेत्रों में शासकीय पट्टे पर आबंटित कृषि भूमि के भूमिस्वामी अधिकार नियम 2023 के प्रावधानों के तहत उपरोक्त भूमि का भूमिस्वामी अधिकार प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु आवेदन न्यायालय कलेक्टर महोदय बिलासपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने से जांच एवं प्रतिवेदन हेतु न्यायालय अ0वि0अ0 (रा0) से प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 15.07.2026 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

तहसीलदार
बिल्हा, जिला - बिलासपुर (छ. ग.)

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विकास योजनाओं और क्षेत्र की समस्याओं पर हुआ मंथन

पेंड्रा। छत्तीसगढ़ सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर गौरेला- पेंड्रा-मरवाही जिले में चल रही विकास योजनाओं और क्षेत्र की समस्याओं पर मंथन के लिए हरिभूमि- आईएनएच का जिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन मल्टीपर्पस स्कूल पेंड्रा रोड स्थित असेंबली हाल में किया गया। कार्यक्रम में हरिभूमि- आईएनएच के प्रधान सम्पादक डॉ हिमांशु द्विवेदी ने जिले के जनप्रतिनिधियों से सवाल क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं के संबंध में सवाल पूछे। इस अवसर पर कोटा क्षेत्र के विधायक अटल श्रीवास्तव, मरवाही के विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची, पूर्व विधायक डॉ. के ध्रुव, पूर्व विधायक अमित जोगी, जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा, नगर पालिका गौरेला के अध्यक्ष मुकेश दुबे, नगर पंचायत पेंड्रा के अध्यक्ष राकेश जालान, जिला भाजपा अध्यक्ष लालजी यादव, जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजमती भानु सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में जनता के साथ सीधा संवाद भी किया गया, जिसमें लोगों ने अपने जनप्रतिनिधियों से सवाल किए। इस मौके पर गणमान्य नागरिकों का सम्मान भी किया गया।

मंत्री गुरू खुशवंत साहेब को प्रतीक चिन्ह प्रदान करते डॉ हिमांशु द्विवेदी

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का आभार प्रकट करते हरिभूमि एवं आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी

कलेक्टर संतोष देवांगन का स्वागत करते महाप्रबंधक प्रियंक सिंह परिहार

विधायक अटल श्रीवास्तव का विकास चौबे ने स्वागत किया

जिला संवाद कार्यक्रम में भाग लेते भाजपा एवं कांग्रेस के जनप्रतिनिधि

पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार खिलारी हुए सम्मानित

विधायक प्रणव मरपच्ची का स्वागत करते डॉ. हिमांशु द्विवेदी व तापस शर्मा

मूसलाधार बारिश के बावजूद दर्शकों का बना रहा उल्लास

वनमण्डलाधिकारी श्रीमती ग्रीष्मी चांद हुई सम्मानित

पूर्व विधायक डॉ. के.के. ध्रुव का स्वागत करते ज्ञानचंद शर्मा

डॉ. सुकांत बिस्वास का सम्मान करते आकाश पवार

डॉ. प्रकाश सुल्तानिया का स्वागत करते संदीप अग्रवाल

जिले के प्रशासनिक अधिकारी हुए सम्मानित

जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा का स्वागत करते तापस शर्मा

समाजसेवी नीलेश साहू अतिथियों से सम्मान प्राप्त करते

युवा कांग्रेस नेता पंकज तिवारी हुए सम्मानित

नपा उपाध्यक्ष गौरेला श्रीमती रोशनी तापस शर्मा का सम्मान करते अतिथिगण

कांग्रेस जिला अध्यक्ष गजमती भानू का स्वागत करते शेख असलम

अंचल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एस.सी. बिस्वास हुए सम्मानित

जिलाध्यक्ष नर्मदाखंड साहू समाज के जिलाध्यक्ष रमेश साहू

श्री धनवंतरी केमिकल के संचालक संजय गुप्ता का स्वागत करते रामेश्वर सोनी

समाजसेवी पवन सुल्तानिया का सम्मान अतिथियों द्वारा किया गया

नगरपालिका अध्यक्ष राकेश जालान का स्वागत करते वीरेन्द्र पाण्डेय

जिला अध्यक्ष लालजी यादव का स्वागत करते अमित तिवारी

जिला उपाध्यक्ष भाजपा का स्वागत करते मुकेश साहू

चेंबर ऑफ कामर्स के जिला अध्यक्ष मनीष केशरी का हुआ सम्मान

दर्शकों ने उठाया कार्यक्रम का आनंद

श्रीमती शैलजा स्वामी का स्वागत किया गया

खबर संक्षेप

नाले में मिले महिला के शव का किया गया कफन दफन

बिलासपुर। एक दिन पहले रेलवे क्षेत्र के नाले में अर्धनग्न अवस्था में मिले महिला के शव का दूसरे दिन भी पहचान नहीं हो पाई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव का कफन दफन करा दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। 7 जुलाई को तोरवा क्षेत्र के तितली चौक के नाले में एक अज्ञात महिला की अर्धनग्न अवस्था में लाश मिली थी। पुलिस ने शव बाहर निकालकर आसपास क्षेत्र के लोगों से पहचान कराने का प्रयास किया, किन्तु पहचान नहीं हो पाई थी। लाश दो दिन पुरानी होने से सड़ गई थी। पुलिस ने शव सिम्स के मरच्यूरी में रखवा दिया था। टीआई रजनीश सिंह ने बताया, दूसरे दिन भी पहचान नहीं होने व लाश सड़ जाने के कारण 8 जुलाई को शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद कफन दफन करा दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। मृतका की पहचान के लिए इश्तहार जारी किया गया है।

अब बड़े कचरा उत्पादकों का ऑनलाइन पंजीयन अनिवार्य

कचरा प्रबंधन की होगी निगरानी, अस्पताल होटल, उद्योगों की होगी जांच, पंजीयन अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सभी नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों को अपने क्षेत्र के बल्क वेस्ट जनरेटर्स (बड़े स्तर पर कचरा उत्पन्न करने वाले संस्थानों) का अनिवार्य पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं।

- **सभी निकायों को पहचान कर रजिस्ट्रेशन भी कराना होगा**

विभाग ने सभी आयुक्तों और मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को परिपत्र जारी कर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के केंद्रीकृत ऑनलाइन पोर्टल पर जल्द से जल्द रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करने को कहा है। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण मंडल ने साफ किया है कि, बिना रजिस्ट्रेशन और जरूरी दस्तावेजों के पुरानी बैटरियों का खरीद-बिक्री, भंडारण या परिवहन करना गैरकानूनी है। ऐसे मामलों में अब सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंडल के अधिकारियों के मुताबिक, प्रदेश में कई जगहों पर कबाड़ और पुरानी बैटरियों का कारोबार नियमों के विपरीत किया जा रहा है। इससे पर्यावरण और लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है। नगरीय प्रशासन विभाग के अनुसार सीपीसीबी का ऑनलाइन पोर्टल एक जून 2026 से लागू हो चुका है। अब अस्पताल, होटल, बड़े आवासीय परिसर, शैक्षणिक संस्थान, औद्योगिक इकाइयों और अन्य चिन्हित बल्क वेस्ट जनरेटर्स का पंजीयन इसी पोर्टल पर करना अनिवार्य होगा। यह व्यवस्था ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के तहत लागू की गई है।

पुरानी बैटरियों की खरीदी बिक्री भी अवैध

नगरीय प्रशासन विभाग के इस निर्देश से पहले छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल ने बैटरी वेस्ट के अवैध कारोबार पर भी सख्ती दिखाई थी। मंडल ने स्पष्ट किया था कि बिना पंजीयन और आवश्यक दस्तावेजों के पुरानी बैटरियों की खरीद-बिक्री, भंडारण और परिवहन पूरी तरह अवैध है। बैटरी वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स-2022 के तहत केवल पंजीकृत संस्थाओं को ही पुरानी बैटरियों के संग्रहण, भंडारण, परिवहन और रीसाइक्लिंग की अनुमति है। खुले स्थान पर बैटरियां जमा करना, बिना अनुमति उनका भंडारण करना या अवैध तरीके से कारोबार करना कानून का उल्लंघन माना जाएगा।

सिर्फ अधिकृत कारोबारी ही कर सकेंगे काम

बैटरी वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स-2022 के तहत पुरानी और खराब बैटरियों का संग्रहण, भंडारण, परिवहन और रीसाइक्लिंग केवल पंजीकृत संस्थाएं ही कर सकती हैं। कारोबारियों को खरीद-बिक्री और परिवहन से जुड़े सभी दस्तावेज भी रखना अनिवार्य होगा। पर्यावरण मंडल ने कहा है कि, खुले स्थान पर पुरानी बैटरियां जमा करना, बिना अनुमति उनका भंडारण करना या अवैध रूप से खरीद-बिक्री करना कानून का उल्लंघन है। ऐसे मामलों में पर्यावरण संरक्षण अधिनियम और बैटरी अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के तहत कार्रवाई होगी। इस दौरान स्क्रैप डीलरों, कबाड़ कारोबारियों, ट्रांसपोर्टरों और बैटरी व्यापार से जुड़े लोगों की जांच की जाएगी।

बेलतरा बैंक में सेंधमारी करने वाले पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बैंक में सेंधमारी करने के मामले पुलिस को आरोपियों को पकड़ने में बड़ी सफलता मिल गई है। 3 से 4 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है।

बेलतरा स्थित ग्रामीण बैंक के पीछे दीवार में छेदकर चोर अंदर घुसकर तिजोरी तोड़ने का प्रयास किया गया था। सफल नहीं होने पर बगल में एटीएम मशीन को तोड़ने की कोशिश की गई। उसमें भी सफलता हाथ नहीं लगने पर चोर पीछे के रास्ते से बैरंग लौट गए थे। 6 जुलाई को सुबह अधिकारी व कर्मचारी बैंक आए और मेन गेट का ताला तोड़कर अंदर गए तब सेंधमारी की जानकारी हुई। लॉकर सुरक्षित होने पर राहत की सांस ली। चोरों ने सीसीटीवी कैमरे का तार काट दिया था। सूचना पर पुलिस अधिकारी बैंक पहुंचकर जांच में जुट गए थे। खबर है कि डीवीआर से चोरों के फुटेज निकालकर पुलिस रतनपुर सहित आसपास क्षेत्र के तीन से चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने में लगी हुई है। बताया जाता है संदेहियों ने बैंक में चोरी करने प्रयास करना स्वीकार कर लिया है। 9 जुलाई को पुलिस अधिकारियों के द्वारा मामले के खुलासा करने की संभावना जताई जा रही है।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

एसएसपी के गनमैन ने दिखाई दबंगई पेट्रोल पंप में युवक को पीटा, जुर्म दर्ज

बिलासपुर। एसएसपी के गनमैन आरक्षक ने अपने दोस्त के साथ पेट्रोल पंप में बाइक टकराने पर दबंगई दिखाते हुए एक युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी। शिकायत मिलने पर एसएसपी ने गनमैन आरक्षक को लाइन अटैच कर दिया है। वहीं उसके साथ उसके दोस्त के खिलाफ भी जुर्म दर्ज किया गया है।

तारबाहर टीआई रविन्द्र अनंत ने बताया जगमल चौक सीताराम मंदिर निवासी शिवा गोरख पिता स्व. दीपक गोरख 7 जुलाई को बाइक में पेट्रोल डलवाने अम्बा पेट्रोल पंप गया था। शाम 7.45 बजे पंप नम्बर 6 में वह पेट्रोल डलवा रहा था। इसी दौरान पंप नम्बर 5 से बाइक चालक पेट्रोल भराकर निकल रहा था। शिवा की बाइक से उसकी बाइक को धक्का लग गया तो पीछे खड़े छुट्टी में चल रहे एसएसपी के गनमैन अभिषेक बख्श ने सिविल ड्रेस में पुलिस का रौब दिखाते हुए गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। गाली देने से मना करने पर आरक्षक ने अपने दोस्त के साथ मिलकर दबंगई दिखाते हुए शिवा के साथ हाथ मुक्का से मारपीट की और चाबी से 6, 7 बार हमला कर जख्मी कर दिया है। मारपीट की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित ने घटना की शिकायत एसएसपी से की। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर तारबाहर पुलिस ने शिवा की रिपोर्ट पर आरक्षक अभिषेक बख्श, सतीश एवं अन्य के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। वहीं आरक्षक अभिषेक बख्श को लाइन अटैच कर दिया गया है।

तार की चपेट में आकर युवक की मौत

बिलासपुर। पुट्टी करने के दौरान हाईटेंशन तार की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सिरगिट्टी नयापारा निवासी विशाल कोरी ने बताया, 8 जुलाई को वह अपने साथी नयापारा निवासी छोटू उर्फ अजय साहू पिता स्व. तुलाराम साहू 27 साल के साथ नयापारा निवासी नरेश यादव के घर में झूला में चढ़कर पुट्टी करने का काम कर रहे थे। दोपहर 12.30 बजे तेज आंधी चलने से काम करने के दौरान छोटू उर्फ अजय हाईटेंशन तार की चपेट में आकर करंट लगने से गिर गया। विशाल कोरी व अन्य लोगों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए सिम्स लाया गया। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया है। सूचना पर सिरगिट्टी पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरुपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि:- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

कोटा स्टडी सर्किल ब्रांच भिलाई तथा रायपुर में ड्रापर नीट, जेईई एवं पी.ई.टी. के अंतिम बैचेस में प्रवेश प्रारंभ

IIT-JEE Mains/ Advance Star Performers



Buha Deep 99.93% | Mayank Gupta 99.93% | Amit Singh 99.91% | S. Rajkumar 96.00%

NEET Star Performers



Chitendra Sahu 611 / 720 GMC | Subhasni Sahu 548 / 720 GMC DURG | Deepika Chandra 647 / 720 GMC RAIPUR | Vivek Kumar Verma 568 / 720 GMC RAJNANDGAON | Remmy Roy 609 / 720 GMC DURG

कोटा स्टडी सर्किल भारत सरकार के द्वारा रजिस्टर्ड एवं आइसो सर्टिफाइड तथा राजस्थान से संबंधित एक उत्कृष्ट कोचिंग संस्थान है। जहां विगत 17 वर्षों से नीट तथा जी ई ई के परीक्षाओं की तैयारी कोटा ट्रेंड एवं एवं बहुत ही अनुभवी टीम द्वारा फिजिक्स केमिस्ट्री बायोलॉजी एवं मैथ्स विषय की तैयारी गहनता से कराई जाती है। परिणाम स्वरूप यहां के छात्र अपनी अलग पहचान बनाते हैं। चाहे वह बोर्ड परीक्षाएं हो अथवा नीट एवं जीईई, कोटा स्टडी सर्किल ने विगत 17 वर्षों में राष्ट्र को होनहार डॉक्टर एवं इंजीनियर दिए हैं जो देश-विदेश में अपनी सेवाएं देकर अपने गुरुजन माता-पिता तथा संस्थान का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं। कोटा स्टडी सर्किल की विशेषता है कि यहां हिंदी तथा अंग्रेजी दोनों ही माध्यम के छात्रों के लिए समान सुविधा उपलब्ध होती हैं। यहां का स्टडी मेटरियल तथा ऑल इंडिया टेस्ट सीरीज इतना अच्छा होता है कि 100% परसेंट क्वेश्चंस आने की संभावना होती है। क्योंकि इस तरह डिजाइन किया जाता है कि अगर क्वेश्चन पेपर बनाने वाला एग्जामिनर किसी भी तरह एंगल से क्वेश्चन पूछे तो वह बन जाए, यहां समय-समय पर आत्मआकलन करने के लिए नीट तथा जीईई बेस्ड मॉक टेस्ट कराए जाते हैं। जिसका छात्रों को फायदा होता है तथा ऐसे छात्र एवं छात्राएं जो कि घर अथवा हॉस्टल में पढ़ाई का माहौल न होने के कारण डिस्टर्ब रहते हैं उनके लिए कोटा स्टडीज सर्कल में एक बेहतरीन लाइब्रेरी उनके पढ़ने के लिए व्यवस्थित की गई है। तथा डीपी पी की प्रैक्टिस कक्षा में ही कर दी जाती है।

जिससे कि वह आने वाले क्वेश्चंस के लिए पहले से तैयार रहते हैं। एवं समय रहते खुद को प्रिपेयर कर पाते हैं। कोटा स्टडी सर्किल की विशेषता है कि यहां क्लास में क्लास के साथ-साथ ही डीपीपी के थ्रू छात्रों को आने वाली परीक्षाओं की पहले से तैयारी कराई जाती है। कोटा स्टडी सर्किल में बाहर से आने वाले छात्र-छात्राओं के लिए गर्ल्स तथा बॉयज के लिए पृथक-पृथक हॉस्टल तथा रहने के साथ-साथ मैस की सुविधा का भी ध्यान रखा जाता है। यहां फीस भी बहुत ही उचित ली जाती है जिससे कि पेरेंट्स के ऊपर कोई अतिरिक्त वर्णन ना आए।

यहां पर आपको माहौल देखने को मिलेगा की आपका बच्चा भिलाई अथवा रायपुर पढ़कर ही राजस्थान कोटा अथवा दिल्ली में स्थित सारी सुविधाओं को छत्तीसगढ़ के भिलाई तथा रायपुर में रहकर प्राप्त कर रहा है।

कोटा स्टडी सर्किल में ड्रॉपर बैजेस 12 तथा 15 जुलाई से प्रारंभ होने जा रहे हैं। जहां प्रत्येक बैच में लिमिटेड सीट रखी गई है।

पलक रायपुर में आरसी कॉलेज के सामने बैंक ऑफ़ बड़ौदा के बाजू में कोटा स्टडी सर्किल तथा भिलाई में न्यू सिविक सेंटर कोटा स्टडी सर्किल में आकर संपर्क कर सकते हैं।

TM Registration No. 3091296
ISO CERTIFIED 9001 : 2008 CERTIFIED INSTITUTE
KOTA STUDY CIRCLE®
Where we shape the career

नीट तथा JEE के पृथक-पृथक बैच, हिन्दी तथा अंग्रेजी के पृथक-पृथक बैच
कोटा स्टडी मटेरियल ऑल इण्डिया टेस्ट सीरिज गर्ल्स तथा ब्वायस के पृथक-पृथक बैच

X & XII Result

Bhupendra Sahu 94.6%, 10th | Preney Sahu 94%, 10th | Harkita Sinha 94%, 10th | Avinash Maanaday 90.8%, 10th | Ritika Soni 90.4%, 12th | Priyansh Aanand 94.4%, 12th

कोटा रायपुर ब्रांच : R.K.C. कालेज के सामने, जी.ई.रोड रायपुर
कोटा भिलाई ब्रांच : बि. नं. 150 न्यू सिविक सेंटर, भिलाई
Contact : 90985 34927, 79877 91795

अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10वीं, 12वीं एवं स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत एफएसडीएमआई भिलाई मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत् कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी आफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (डीआरडीओ), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है।

संस्था एफएसडीएमआई भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएना प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (एससी, एसटी, ओबीसी, जनरल) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी।

8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक एवं स्नाकोत्तर पास छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए
फायर एवं सेफ्टी औद्योगिक प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ (2025-2026)

AVAILABLE COURSES
- Fire Technology & Industrial Safety
- Industrial Safety Management
- Health Sanitary Inspector
- Sub Fire Officer
- B.sc in Fire, safety
- PG in Fire Technology & Industrial Safety
- Certificate in Fireman
- (PDIS) POST DIPLOMA in Industrial safety
- (ADIS) ADVANCE DIPLOMA in Industrial safety

गरीब निम्न वर्ग के विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण शुल्क में छूट
एडमिशन हेल्पलाइन : 76972-12782
फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट
मान्यता प्राप्त संस्था भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) निजी प्रशिक्षण संस्थान
1- FSDMI कैंपस :- इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, गदा चौक, नजदीक अंबेडकर चौक, भिलाई, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़
2- FSDMI कैंपस :- प्लॉट नंबर 766 वार्ड-11, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) 490023
fsdmi cg | fsdmi bhilai | fsdmi_bhilai
12 वर्षों से आपकी सेवा में

रोजगार हेतु व्यवसायिक प्रशिक्षण कम शुल्क में संपूर्ण तकनीकी शिक्षा

एस. एम. उमक

बेरोजगारों के उज्जवल भविष्य के लिए अल्प समय में रोजगारोन्मुखी व्यवसायिक प्रशिक्षण हेतु पावर हाउस भिलाई में स्थित 39 वर्ष पुरानी इंदु टेक्नीकल इंस्टीट्यूट एक अति विश्वसनीय संस्था है। जो आईएसओ 9001-2015 से प्रमाणित है। जहां प्रेक्टिकल आधारित कोर्स कराये जाते हैं। अतः प्रशिक्षण के बाद प्रेक्टिस करने की आवश्यकता नहीं होती है जिनका लाभ लेते हुए प्रतिवर्ष सैकड़ों बेरोजगार अपने पैरों पर खड़े होकर समाज और परिवार में सम्मान हासिल कर रहे हैं। संस्था छात्र-छात्राओं को स्वरोजगार हेतु प्रेरित करती है साथ ही इनकी नौकरी हेतु भी प्रयास करती है। संस्था में समय-समय पर तकनीकी कंपनियां तथा प्लेसमेंट एजेंसी जॉब हेतु संपर्क स्थापित करती है। इस तरह छात्रों को नौकरी भी प्राप्त हो जाती है।संस्था में मोबाईल हार्डवेयर/ सॉफ्टवेयर, कम्प्यूटर हार्डवेयर, इलेक्ट्रानिक्स, इलेक्ट्रीकल, फ्रिज-एसी, इन सभी विषयों का प्रेक्टिकल आधारित प्रशिक्षण दिया जाता है। इंदु टेक्निकल इंस्टीट्यूट एकमात्र संस्था है जो तकनीकी प्रशिक्षण में कम्प्यूटर के आधुनिक एनीमेशन का उपयोग करती है इससे कोर्स सरलता से छात्र-छात्राओं की समझ में आ जाते हैं चूंकि सभी कोर्स प्रेक्टिकल आधारित है तथा प्रत्येक छात्र-छात्राओं को व्यक्तिगत प्रेक्टिकल दिया जाता है अत: शैक्षणिक योग्यता का कोई मापदंड नहीं है किसी भी स्तर के छात्र-छात्राएं इन कोर्सेस को सरलता से पूर्ण कर सकते है। यदि छात्र-छात्राएं निश्चित अवधि में कोर्स पूर्ण नहीं कर पाते है और उन्हें अतिरिक्त समय भी लगता है तो अतिरिक्त समय हेतु कोई शुल्क नहीं लिया जाता अर्थात छात्र जब तक संतुष्ट नहीं हो जाता तब तक बिना अतिरिक्त शुल्क लिए कोर्स कराया जाता है। इसके अतिरिक्त भविष्य में छात्र-छात्राओं को कोर्स से संबंधित समस्या आने पर वह नि:शुल्क परामर्श ले सकते है। संस्था द्वारा कोर्स के पश्चात भी तकनीकी सहयोग प्रदान किया जाता है सभी कोर्स सरल हिन्दी में कराए जाते हैं प्रशिक्षण अवधि में छात्रों को प्रेक्टिकल हेतु संपूर्ण सामग्री टूल्स एवं मटेरियल संस्था द्वारा दिया जाता है जिससे पालक पर ट्यूशन फीस के अतिरिक्त कोई बोझ नहीं होता। फीस के बारे में कहा जा सकता है कि जेब खर्च के बराबर फीस अर्थात् अत्यंत कम शुल्क में ये कोर्स कराये जाते हैं। संस्था में प्रेक्टिकल से भरपूर प्रशिक्षण का लाभ लेने के लिए यहां संपूर्ण छत्तीसगढ़ के अतिरिक्त बिहार, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्रप्रदेश, हिमांचल प्रदेश, उड़ीसा आदि के साथ-साथ नेपाल से भी छात्र आते हैं। बाहरी छात्रों हेतु संस्था का छात्रावास है।संस्था पावर हाउस बस स्टैंड एवं पावर हाउस रेलवे स्टेशन से अत्यधिक नजदीक होने से रायपुर, तिल्दा नेवरा, भाटापारा, दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, गोंदिया, दल्ली राजहरा रेल लाईन तक के प्रशिक्षणार्थी अप-डाउन कर कोर्स करते हैं। संस्था अपने सभी तकनीकी कोर्स पार्ट-टाईम अथवा फुलटाईम में संचालित करती है। जिससे नौकरी करने वाले शिफ्ट के अनुसार समय परिवर्तित कर प्रशिक्षण ले सकते हैं। प्रतिदिन 1.30 घंटे का समय देकर भी कोर्स किए जा सकते हैं। इस सेंट्रली एयर कुल्ड संस्था में प्रत्येक लैब में लगे कैमरों से संचालक द्वारा आडियो-विडियो मॉनिटरिंग की जाती है। इस तरह संस्था सभी दृष्टि से छात्र-छात्राओं के भविष्य निर्माण हेतु दृढ़ संकल्पित एवं प्रयासरत है। जिसका लाभ उठाते हुए छात्र-छात्राएं कम फीस में भरपूर प्रेक्टिकल का लाभ लेते हुए आत्मनिर्भर हो सकते है एवं सबसे बड़ी बेरोजगारी की समस्या से निजात पा सकते है। नोट: महिलाओं हेतु विशेष व्यवस्था। संस्था में आने हेतु भिलाई पावर हाऊस के बस स्टैंड या पावर हाऊस स्टेशन पर उतरना होगा। संस्था की संपूर्ण जानकारी हेतु फोन करें।

(NGO सामाजिक संस्थाएं यदि युवक-युवतियों को आत्मनिर्भर बनाना चाहते है तो संस्था उन्हें विशेष छूट और सहयोग प्रदान करती है।)

हमारी संस्था की कोई अन्य शाखा नहीं है।
www.indutechnical.com
मो.: 98271 94279
8770222654 74156 74157
पर संपर्क किया जा सकता है।

समय का सदुपयोग-आय का साधन-प्रशिक्षण जो रोजगार दिलाए

मोबाईल सर्विसिंग कोर्स
कोर्स में हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर में इलेक्ट्रानिक्स कम्पोनेट, कम्प्युटर ऑपरेटिंग, एंटी वायरस, सॉफ्टवेयर इंस्टॉलेशन, टच स्क्रिन व एन्ड्राइड मोबाईल, अनलॉकिंग, फ्लेशिंग, कार्ड राइटिंग, ब्लू-टूथ मोबाईल ओपनिंग-फिटिंग, सोल्डरिंग-डिसोल्डरिंग, बॉल आई.सी., प्लाटिंग एवं फॉल्ट फाईडिंग करवाई जायेगी।

कम्प्यूटर हार्डवेयर
महानगरी स्तर की शिक्षा कम शुल्क में
कोर्स में लेपटॉप, डेस्क टॉप प्रिंटर, मॉनीटर, स्केनर, SMPS पावर सप्लाई रिपेयरिंग, बेसिक इलेक्ट्रानिक्स, कम्प्यूटर असेम्बिलिंग एवं ट्रबलशूटिंग भी। भरपूर प्रेक्टिकल कम्प्यूटर से एनीमेशन द्वारा विशेष जानकारी।

इलेक्ट्रिकल कोर्स
वायरिंग, मोटर रिवाइंडिंग (1/2 से 27 एच.पी. तक) एवं घरेलु उपकरण वाशिंग मशीन मिक्सी, गिजर, कूलर, पंखे, लाईट, डेकोरेशन, जेट पंप, मोनो ब्लॉक पंपसेट, सबमर्सिबल पंप, टुल्लु पंप, मोटर स्टॅार्टर, पेनल बोर्ड, वेल्डिंग ट्रांसफारर्मर आदि का गारंटेड प्रशिक्षण।

इलेक्ट्रानिक्स कोर्स
एफ.एम. रेडियो, इंडक्शन चूल्हा, एलईडी, एलसीडी एवं सीआरटी टीवी पर प्रेक्टिकल आडियो, विडियो एमपी-3 सीडी प्लेयर, डीवीडी, होम थियेटर, डी.टी.एच., सिस्टम, इन्वर्टर का गारंटेड प्रशिक्षण।

फ्रीज व एसी कोर्स
फ्रिज (फ्रास्ट फ्री एवं नान फ्रास्ट), विंडो एसी, स्प्लीट एसी, ऑटो मोबाइल (कार) एसी, पैकेज (डक्टिंग) एसी, डीप फ्रीजर, चिल्ड वाटर सिस्टम, बॉटल कूलर, मिठाई के शोकेस का पूर्ण प्रेक्टिकल, गैस चार्जिंग सामान्य एवं आधुनिक गैस चार्जिंग स्टेशन दोनों पद्धतियों से।

छात्रावास सुविधा | स्थापना वर्ष 1987 | रविवार अवकाश

इन्दु टेक्नीकल इंस्टीट्यूट
टी-मार्केट, पावर हाउस, भिलाई मो.: 98271-94279, 74156-74157